Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 293 | शनिवार , 25 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी का महागठबंधन पर तीखा हमला

# 'लाठबंधन' सिर्फ झगड़ा और संघर्ष जानता है, जनता का नहीं

नई दिल्ली।




प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार चुनाव में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे राज्य में एनडीए की डबल इंजन सरकार की वापसी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने राजद पर जंगल राज और विकास बाधित करने का आरोप लगाते हुए युवाओं से मतदाता जागरूकता बढ़ाने और राज्य के उज्जवल भविष्य के लिए एनडीए पर भरोसा करने का आह्वान किया। बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव राज्य के इतिहास में नया अध्याय लिखने वाला है। बता दें कि मोदी ने कहा कि इस नए अध्याय में युवाओं की भूमिका अहम होगी और वे ही तय करेंगे कि बिहार में एनडीए की डबल इंजन सरकार फिर से सत्ता में आएगी। गौरतलब है कि मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि बिहार में जंगल राज की राजनीति जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे बुजुर्गों के माध्यम से युवाओं को इस दौरान हुई घटनाओं और नक्सली आतंक के प्रभाव के बारे में बताएं। मोदी ने कहा कि राजद की पिछली सरकार ने अपने स्वार्थ को राज्य के युवाओं की भलाई से ऊपर रखा और विकास पूरी तरह बाधित हुआ। मौजूद जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने महागठबंधन को लाठबंधन बताते हुए कहा कि ये सिर्फ संघर्ष और झगड़े जानते हैं और इनके लिए जनता की भलाई से ज्यादा उनका व्यक्तिगत स्वार्थ महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए बिहार के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सरकार उनके साथ संवाद कर रही हैं। मोदी ने युवाओं से हर घर जाकर मतदाता जागरूकता बढ़ाने का आह्वान भी किया। इसके अलावा मोदी ने छठ पूजा और भाई दूज के मौके पर कार्यकताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बिहार में 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, साथ ही कहा कि बिहार में लोकतंत्र का भी भव्य त्योहार मनाया जा रहा हैं।

## समाचार सामग्री में एआई का उपयोग हो सकता है खतरनाक

**नई दिल्ली।** आज का दौर एआई का है, यहां देखो जिस फील्ड में देखो वहां एआई का उपयोग हो रहा है। लेकिन एक शोध में खुलासा हुआ है कि समाचारों में एआई का उपयोग करने पर व्यापक गलतियां कर देता है और गलत तरीके से पेश करता है। समाचारों में एआई के उपयोग से जनता का विश्वास खतरे में पड़ गया है।

यूरोपीय प्रसारण संघ (ईबीयू) और बीबीसी द्वारा बुधवार को प्रकाशित नए शोध के परिणामों में पाया गया कि एआई सहायक नियमित रूप से समाचार सामग्री को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं, चाहे किसी भी भाषा, क्षेत्र या एआई प्लेटफॉर्म का परीक्षण किया गया हो। रॉयटर इंस्टीट्यूट की डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2025 के अनुसार, कुल ऑनलाइन समाचार उपभोक्ताओं में से सात फीसदी अपनी खबरें प्राप्त करने के लिए एआई सहायकों का उपयोग करते हैं। रॉयटर ने निष्कर्षों पर उनकी टिप्पणी जानने के लिए कंपनियों से संपर्क किया है। अध्ययन में सटीकता, स्रोत और राय बनाम तथ्य में अंतर करने की क्षमता के लिए 14 भाषाओं में एआई सहायकों का मूल्यांकन किया, जिनमें चैटजीपीटी, कोपायलट, जेमिनी और पेरप्लेक्सिटी शामिल हैं। शोध से पता चला कि कुल मिलाकर, अध्ययन किए गए अक उत्तरों में 81 फीसदी में किसी न किसी प्रकार की समस्या थी।

## अमेरिकी सेना ने कैरिबियन सागर में छह ड्रग तस्करों को मार गिराया



वाशिंगटन।

वेनेजुएला के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने दक्षिण अमेरिका से ड्रग्स की तस्करी करने के संदेह में कैरेबियन सागर में एक नाव पर हमला किया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। इस हमले के साथ ही ट्रंप प्रशासन के अभियान में संदिग्ध ड्रग नौकाओं पर हुए 10 हमलों में मृतकों की संख्या 43 हो गई है। इस बीच रयटर के अनुसार रक्षा मंत्री हेगसेथ ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना दक्षिण अमेरिका के समुद्री क्षेत्र में विमानवाहक पोत तैनात करने वाली है। यह तैनाती कैरिबियन क्षेत्र में ट्रंप के सैन्य विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आठ अतिरिक्त युद्धपोत, एक परमाणु पनडुब्बी और एफ-35 विमान शामिल हैं। यह नहीं बताया गया है कि विमानवाहक पोत

- **दक्षिण अमेरिका में विमानवाहक पोत तैनात करेगी अमेरिकी सेना**

इस क्षेत्र में कब आएगा, लेकिन कुछ दिन पहले तक विमानवाहक पोत जिब्राल्टर जलडमरूमध्य से होते हुए यूरोप की ओर जा रहा था। फोर्ड को 2017 में कमीशन किया गया था। यह अमेरिका का सबसे नया विमानवाहक पोत है और दुनिया का सबसे बड़ा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह हमला कैरेबियन सागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में रात में किया गया। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नार्को-आतंकी गिरोह के साथ वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा हम अल-कायदा के साथ करते हैं।

## स्तन कैंसर में कम कीमत वाली ये दवा हो सकती है बेहद कारगर



नई दिल्ली।

**टीएमसी की स्टडी में हुआ बड़ा खुलासा**

स्तन कैंसर के इलाज में कार्बोप्लाटिन दवा बेहद कारगर हो सकती है। परीक्षण में इसके उत्साहजनक परिणाम दिखे हैं। टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) द्वारा किए गए नए अध्ययन में कहा गया है कि कम लागत वाली कीमोथेरेपी दवा कार्बोप्लाटिन को उपचार में शामिल करने से ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर (टीएनबीसी) से पीड़ित मरीजों, विशेष रूप से 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं में इलाज और बचने की संभावना में उल्लेखनीय सुधार होता है। टीएनबीसी स्तन कैंसर का गंभीर रूप है। इस रेंडेमाइज्ड चरण परीक्षण में 2010 से 2020 के बीच मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) में चरण टीएनबीसी वाली 720 महिलाओं पर शोध किया गया। अध्ययन के प्रमुख लेखक, टीएमसी, मुंबई के निदेशक डा. सुदीप गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि सभी रोगियों को सर्जरी से पहले उनके ट्यूमर को कम करने के लिए मानक कीमोथेरेपी दी गई (आठ सप्ताह तक प्रति सप्ताह एक बार पैक्लिटैक्सेल, उसके बाद चार चरणों में हर 21 दिन में डाक्सोरूबिसिन और साइक्लोफास्फेमाइड)।

## पाकिस्तान के रक्षा बजट का आधा तो छठ पर्व पर खर्च करेंगे भारतीय, स्वदेशी को देंगे बढ़ावा

नई दिल्ली।



सूर्य उपासना के महापर्व छठ को पूरे देश में आस्था, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है। शनिवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय पर्व का शुभारंभ हो जाएगा। खास बात यह है कि अकेले इस पर्व में ही देश के लोग पाकिस्तान के रक्षा बजट का आधा खर्च करेंगे, जो स्वदेशी को भी बड़ी मजबूती देगा।

छठ पूजा के दौरान इस वर्ष पूरे देश में 38 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है, जबकि पाकिस्तान का कुल रक्षा बजट 76 हजार करोड़ रुपये है। कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि पूर्वांचल से निकलकर अब छठ पर्व देश के कई राज्यों में मनाया जाने लगा है। इससे इस पर्व के दौरान होने वाले कारोबार में भी बढ़ोतरी होती गई है। छठ पर्व पर देशभर में करीब 15 करोड़ श्रद्धालुओं के व्रत, स्नान, अर्घ्य और पूजा के पारंपरिक विधान में शामिल होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल के अनुसार बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में छठ का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। पूर्वांचली समाज के लोग जहां भी रहते हैं, वहां वे इस पर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। केवल दिल्ली में छह हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है।

## चेहरा पहचान तकनीक का विस्तार करेगा अमेरिका

वाशिंगटन।



अमेरिका वीजा अवधि से अधिक समय तक रुकने और पासपोर्ट धोखाधड़ी से निपटने के लिए देश में प्रवेश करने और छोड़ने वाले गैर-नागरिकों पर नजर रखने के लिए चेहरे की पहचान तकनीक के इस्तेमाल का विस्तार करेगा। एक नए नियम के तहत अमेरिकी सीमा प्राधिकारियों को हवाई अड्डों, बंदरगाहों, भूमि क्रॉसिंगों और किसी भी अन्य प्रस्थान बिंदु पर गैर-नागरिकों की तस्वीरें लेने की आवश्यकता होगी, जो पहले के पायलट कार्यक्रम का विस्तार है। 26 दिसंबर से लागू होने वाले इस नियम के तहत प्राधिकारी अन्य बायोमीट्रिक्स, जैसे फिंगरप्रिंट या डीएनए की मांग कर सकते हैं। यह नियम सीमा अधिकारियों को 14 साल से कम उम्र के बच्चों और 79 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए भी चेहरे की पहचान तकनीक का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है। अबतक ये इससे मुक्त हैं। ये सख्त नियम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के व्यापक प्रयास को दशार्ते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा की सुरक्षा के लिए संसाधनों में इजाफा किया है।

## मार्क कार्नी का बयान देश बातचीत को तैयार, ट्रंप ने वार्ता रोकी



नई दिल्ली।

डोनाल्ड ट्रंप ने ओंटारियो के विज्ञापन को 'फेक' बताते हुए कनाडा के साथ व्यापार वार्ता रोक दी, जिसमें रीगन के टैरिफ विरोधी बयान का उल्लेख था। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने स्पष्ट किया है कि कनाडा अमेरिकी पक्ष के तैयार होने पर तत्काल वार्ता फिर से शुरू करने को इच्छुक है, जबकि वह अन्य वैश्विक साझेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा हैं कि उनका देश अमेरिका के साथ व्यापारिक वार्ता तब फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं जब अमेरिकी इसके लिए तैयार होगा। बता दें कि यह बयान उस समय आया हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ आलोचनात्मक विज्ञापन के कारण सभी वार्ता तुरंत रोकने की घोषणा की थी।

## स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की जोड़ी ने किया धमाका

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में

नई दिल्ली।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 53 रनों से हराकर महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। स्मृति मंधाना के शानदार 109 रन और प्रतिका रावल के 122 रन की रिकॉर्ड 212 रन की ओपनिंग साझेदारी ने भारत को 340/3 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जो टीम का टूनार्मेंट में सबसे बड़ा स्कोर है। शुरूआती तीन हार के बाद यह रबड़ी राहतर भरी जीत टीम के लिए एक महत्वपूर्ण टर्नअराउंड साबित हुई। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने बारिश से प्रभावित मैच में न्यूजीलैंड को 53 रनों से हराकर महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। बता दें कि यह भारत का टर्नअराउंड रहा हैं, क्योंकि टीम टूनार्मेंट की शुरूआत में लगातार तीन हार का सामना कर चुकी थी और टूनार्मेंट की शुरूआत में ही टीम को पसंदीदा टीमों में रखा गया था। मौजूद जानकारी के अनुसार, भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना ह्लबड़ी राहतह्व देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन मैच काफी चुनौतीपूर्ण थे, और टीम ने अच्छी क्रिकेट खेली लेकिन जीत नहीं पाई। इस मैच में मंधाना ने 109 रन की धमाकेदार पारी खेली, जो इस वर्ष उनका पांचवां शतक था। वहीं, उनके ओपनिंग पार्टनर प्रतिका रावल ने विश्व कप में अपना पहला शतक जमाया और 122 रन बनाए।

फरवरी 2026 में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 1,075 रुपये यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,24,200 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई

# वायदा बाजार में सोने, चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली।

वैश्विक स्तर पर दिसंबर में आपूर्ति वाले कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,124.99 डॉलर प्रति औंस हो गया। चांदी का वायदा भाव 1.06 प्रतिशत टूटकर 48.19 डॉलर प्रति औंस रहा। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति को लेकर आशावाद के बीच कारोबारियों ने हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली की जिससे शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर आपूर्ति वाले अनुबंधों में सोने का भाव 1,109 रुपये या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,22,995 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 12,958 लॉट के लिए कारोबार हुआ। फरवरी 2026 में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 1,075 रुपये यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,24,200 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इसमें 2,239 लॉट का कारोबार हुआ। चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई। दिसंबर में आपूर्ति वाले चांदी के वायदा अनुबंधों की कीमत 2683 रुपये या 1.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,45,8291 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 21,080 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी तरह, मार्च 2026 में आपूर्ति वाले चांदी के वायदा अनुबंधों की कीमत 2,206 रुपये या 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,47,878 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 5,250 लॉट के लिए कारोबार हुआ।



## संपादक की कलम से

# पलायन-रोजगार का चुनाव

बिहार का चुनाव समतली जमीन पर आ चुका है। विपक्ष के महागठबंधन में जो भीतरी द्वन्द्व और विरोधाभास थे, वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के बाद लगभग समाप्त हो चुके हैं। कुछ सीटों पर कांग्रेस, राजद, सीपीआई (माले) और वीआईपी के उम्मीदवार एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। इसे दोस्ताना मुकाबला करार दिया जा रहा है। महागठबंधन के नेताओं ने इस विरोधाभास के समाधान की भी बात कही है। जिस प्रेस वार्ता में तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने, घोषित किया, उसके पोस्टर पर सिर्फ तेजस्वी का ही चित्र था। न लालू यादव–राबड़ी देवी का और न ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी का चित्र लगाया गया। लालू तो अब भी राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और राहुल–तेजस्वी ने साझा तौर पर वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। अब वह साथ कहां गायब हो गया? बहरहाल आज वोट चोरी का मुद्दा भी गायब है, क्योंकि पलायन और रोजगार सबसे संवेदनशील चुनावी मुद्दे के तौर पर उभरे हैं। तेजस्वी ने हर घर, एक सरकारी नौकरी का जो मुद्दा जनता के सामने पेश किया है, उसका असर बिहार में स्पष्ट रूप से देखा–महसूसा जा सकता है। हालांकि बिहार के 2.76 करोड़ घर–परिवारों में से 2.5 करोड़ घरों को भी सरकारी नौकरी मुहैया कराने पर करीब 9 लाख करोड़ रुपए सालाना चाहिए। बिहार का बजट ही 3.17 लाख करोड़ रुपए का है और उस पर 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। पूंजी कहां से आएगी, यह बहस सत्तारूढ़ और विपक्ष के राजनीतिक दलों के दरमियान तो जारी है, टीवी चैनलों पर भी यह बहस सुनी जाती रही है, लेकिन यह जनता का विश्लेषण और उसकी चिंता नहीं है। जनता मान रही है कि जिसकी सरकार बनेगी, पूंजी का बंदोबस्त भी वही करेगी। कांग्रेस ने भी पलायन रोको, नौकरी दो का नारा देकर तेजस्वी के कार्यक्रम का समर्थन किया है। रोजगार से ही पलायन का मुद्दा जुड़ा है। चुनाव आयोग के मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के अतिरिक्त विशेषज्ञों के आकलन हैं कि करीब 50 लाख बिहारी देश के विभिन्न हिस्सों में नौकरी या मजदूरी अथवा रिक्शा चालन का काम करते हैं और बिहार में मौजूद परिवार का पेट पालते हैं। अधिकांश ये प्रवासी बिहारी असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में कार्यरत हैं, लिहाजा यह तय नहीं है कि कितने लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ही बिहार लौटेंगे? मतदान और छठ में कई दिनों का फासला है। निजी दुकानदारियों पर काम करने वाले इतने दिन तक बिहार में कैसे रह सकते हैं? उनके मालिक ही अनुमति नहीं देंगे। कइयों को मतदाता सूचियों से ही बाहर कर दिया गया है। कोई भी दल इन प्रवासी मतदाताओं को बिहार तक लिवाने में व्यापक तौर पर उत्सुक, इच्छुक नहीं है। बेशक मताधिकार देश के औसत वयस्क नागरिक का संवैधानिक मौलिक अधिकार है, लेकिन इसे संस्थानात्मक रूप नहीं दिया गया है। पलायन और प्रवासी बिहारियों को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा–जनता दल–यू और राजद, कांग्रेस, वामपंथी आदि चिंतित जरूर हैं, क्योंकि वे किसे वोट देंगे, यह निश्चित नहीं है।


ललित शर्मा
संपादक

डॉ प्रियंका सौरभ

डॉ.राजीव डोगरा

कविता



आओ तुमको
अपनी कहानी का पात्र बनाऊ
करे लोग सजदा
तुमको भी मेरे नाम से
ऐसा मुकाम बनाऊ।
कहते हैं लोग
कि मोहब्बत में
बड़ी गहराई होती है
आओ तुम्हें दोस्ती के
समुद्र में डूबाकर भी
तैरना सिखाऊ।
सुना है तुमको
लोगों पर ऐतबार नहीं है
आओ तुमको
स्नेहपाश में बांधकर
अपनेपान का जरा
एहसास करवाऊ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति


ललित गर्ग



बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतजार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय देर आए, दुरुस्त आए की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं।

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने नौकरी, विकास और सम्मान जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोजगारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोजगार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ लालू के पुत्र नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका जनादेश अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है।

एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है।


यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है। भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक सुशासन बाबू की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है।

तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनना बिहार की राजनीति में एक जनसांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह निर्णय दिखाता है कि अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र युवा आकांक्षाओं, आर्थिक अवसरों और विकास की बराबरी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस का झुकना केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब बिहार में नई पीढ़ी के नेतृत्व से ही राजनीतिक भविष्य तय होगा। तेजस्वी यादव का उदय केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि बदलते समय की पुकार है। बिहार की जनता लंबे समय से ठहरे हुए शासन और खोखले वादों से थक चुकी है। अब वह ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो न केवल सत्ता चाहता हो, बल्कि संवेदना और संघर्ष का प्रतीक भी बने। कांग्रेस ने भले ही देर से यह निर्णय लिया हो, पर यदि महागठबंधन इस घोषणा को एकजुट रणनीति में बदल सके, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय खोल सकता है, जहाँ देर आए, पर दुरुस्त आए केवल कहावत नहीं, बल्कि राजनीतिक सच्चाई बन जाए।

तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह स्पष्ट किया है कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है। महागठबंधन के 10 से अधिक प्रत्याशी एक-दूसरे के सामने हैं।

महागठबंधन की राजनीति चुनाव होने एवं चुनाव परिणाम के बाद भी कई रंग बदलेगी, इसलिये उसकी डगर निष्कंटक तो नहीं कही जा सकती। महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है, यह भी प्रश्न तेरता रहेगा। फिलहाल तेजस्वी के मुख्यमंत्री का फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जाएगा।

# प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है सरलपारा गांव, वीकेंड पर बनाएं एडवेंचर का नया ठिकाना



असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी सरलपारा की खूबसूरती देख झूम उठेंगे। जब भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले असम का नाम लेते हैं। यह एक खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है। असम पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चाय बागानों और जैवविविधता का खजाना है। असम बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी सरलपारा की खूबसूरती देख झूम उठेंगे।

**असम में सरलपाराः** असम के कोकराझार जिले में सरलपारा पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। यह असम की एक ऐसी जगह है, जो भूटान की सीमा के पास स्थित है। यह जगह पर्यटकों के बीच खासी लोकप्रिय है। सरलपारा गुवाहाटी से करीब 237 किमी दूर है। वहीं बोंगाईगांव से करीब 58 किमी और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से करीब 122 किमी की दूरी पर है।

**क्यों फेमस है सरलपाराः** भूटान सीमा के पास में स्थित सरलपारा असम का सबसे फेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। यहां पर आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

यह जगह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा अपने लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी फेमस है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है।

यहां पर मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली नदी पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। सरलपारा में आपको कई किस्म के फूल भी देखने को मिलेंगे।

**पर्यटकों के लिए खासः** सरलपारा पर्यटकों के बीच पिकनिक स्पॉट के रूप में फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज परिवार के साथ भी पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं वीकेंड पर भारी संख्या में लोग फैमिली के साथ आते हैं। लोग यहां पर अपने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने पहुंचते हैं। सरलपारा पर्यटकों के बीच एडवेंचर स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर लोग हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैंपिंग का शानदार लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां पर आप यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

**आसपास घूमने वाली जगहेंः** बता दें कि यहां के आसपास कई ऐसी मनमोहक और शानदार जगहें मौजूद हैं, जिसकी खूबसूरती आपको मोहित कर सकती हैं। इसके लिए आप यहां पर बोरनोखोरी गांव, बेटीया जंगल, टी गार्डन और गौरांग नदी जैसी खूबसूरत जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय एकता दिवस व सरदार@150 अभियान की तैयारियों की समीक्षा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रं१ॅ१@150 उेंर्ब्रॅल्ल एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सीडीओ आर.सी. तिवारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जनपद में कौसानी में चार,कपकोट में पांच एवं बागेश्वर में आठ नवम्बर को एकता पदयात्रा आयोजित किए जाने और पदयात्रा में युवाओं, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाने, साथ ही मार्ग की सफाई, सुरक्षा, पोर्टेबल शौचालय एवं #रं१ॅ१@150 सेल्फी स्टैंड की व्यवस्था किए जाने की बात कही।जिलाधिकारी ने छः नवम्बर को गरुड़ में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने व विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के निर्देश दिए।डीएम आकांक्षा कोंडे ने कहा कि नशा मुक्ति एवं तंबाकू मुक्त अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम न रखकर समाज में वास्तविक चेतना उत्पन्न करने का माध्यम बनाया जाए। चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों एवं प्रेरक वक्ताओं द्वारा विद्यालयों और युवाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा विद्यालयों की परीक्षा व्यवस्था प्रभावित न होने देने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ आर.सी. तिवारी, एसीएमओ डॉ. दीपक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्या, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में योजना बैठक आयोजित

बुलंदशहर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय बुलंदशहर पर जिलाध्यक्ष विकास चौहान की अध्यक्षता में योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) आयोजित की जाएगी जो प्रातः 7:00 बजे यमुनापुरम स्टेडियम से प्रारंभ होकर काले आम पर राजा बाबू पार्क में समापन होगा। एवं 5 नवंबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक विधानसभा पर पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई सुबह का संबंधित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई। ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसमें शामिल होकर सरदार पटेल के योगदान को नमन कर सकें।

# भाकियू का मुख्य लक्ष्य किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है ,अटवाल

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की स्थानीय इकाई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेश सचिव मंजीत सिंह अटवाल के आवास पर एकत्र हुए, जहां संगठन को और मजबूत करने के लिए गहन विचार-विमर्श हुआ।

इस दौरान प्रदेश सचिव ने कार्यकताओं को संगठन की सक्रियता बढ़ाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश सचिव ने कार्यकताओं से स्पष्ट कहा कि अनावश्यक मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय संगठन की एकजुटता और मजबूती पर फोकस करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाकियू का मुख्य लक्ष्य किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जरूरी है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर किसानों का शोषण न हो। बैठक में कार्यकताओं को संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रदेश सचिव ने कहा कि एकजुटता और सक्रियता से ही भाकियू अपने उद्देश्यों को और बेहतर तरीके से हासिल कर सकता है। इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली,टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,नगर सचिव मोहम्मद रफीक,उपाध्यक्ष उमर फारूक, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां और ग्रामपंचायत मंडवा हसनपुर के अध्यक्ष हसीन खां आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैप्टन अभिषेक चौधरी ने जोधपुर-कोटा राजमार्ग पर पलटी हुई कार से परिवार को बचाया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर।** असाधारण साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और निस्वार्थ सेवा का प्रदर्शन करते हुए, दक्षिणी कमान के तहत झांसी में तैनात कैप्टन अभिषेक चौधरी ने जोधपुर-कोटा राजमार्ग पर एक कार दुर्घटना से एक जोड़े और उनके छोटे बच्चे को बचाया। लगभग 8 बजे, एक हुंडई ऑरा (पंजीकरण संख्या फख 19 उफ 3886) टायर फटने के कारण नियंत्रण खो बैठी और सड़क के किनारे एक खाई में पलट गई।

कैप्टन अभिषेक चौधरी पुत्र वेटरन यशपाल सिंह ग्राम खासपुरा (बिजनौर) जो उसी मार्ग पर यात्रा कर रहे थे, ने तुरंत अपना वाहन रोक दिया और पीड़ितों की सहायता के लिए दौड़े। घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि कार अपने एक तरफ पलटी हुई थी और दरवाजे जाम होने के कारण यात्री अंदर फंसे हुए थे। कैप्टन अभिषेक ने अपनी उपस्थिति और निर्णायक कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए, साइड की खिड़की तोड़ दी, वाहन में प्रवेश किया और अपने साथी नायक श्रीराम के साथ पहले बच्चे को फिर माता और पिता को बचाने के लिए दरवाजा खोल दिया। अधिकारी ने तुरंत स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं (112 और 1033—एनएचएआई हेल्पलाइन) को घायल यात्रियों के लिए चिकित्सा देखभाल में तेजी लाने के लिए सूचित किया। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया ने सुनिश्चित किया कि एम्बुलेंस के आने से पहले सभी तीन व्यक्तियों को सुरक्षित रूप से निकाला गया। सहायता की पुष्टि करने के बाद, अधिकारी अपने काफिले में फिर से शामिल हो गए। भारतीय सेना कैप्टन अभिषेक चौधरी की साहसी और मानवीय कार्य के लिए प्रशंसा करती है। जो सेना के मूल सिद्धांतों - साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा का एक सच्चा प्रमाण है, चाहे वह युद्ध के मैदान में हो या बाहर। दक्षिणी कमान के पीआरओ द्वारा जारी

# गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी क्षेत्र में लगाई अपराधों पर लगाम


वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर/ गागलहेडी।** सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने उप निरीक्षक सौरभ यादव की कार्य कुशलता देखकर गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गागलहेडी थाना क्षेत्र उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने जब से चार्ज संभाला है। अपराधियों में हड़कंप मचा गया। उनकी इस तेज तर्रार कार्रवाई से नशा तस्करो, शराब माफियाओं, भू-माफियाओ वारंटी/वांछितो एवम लूट की घटनाओं को अंजाम देने वालों में भी मचा हड़कंप अपनी एक अच्छी कार्यशाली से पहचान बनाने वाले उप निरीक्षक सौरभ यादव ने अपराध करने वालों को कहीं से कही तक नहीं बक्सा गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी का कार्यभार सम्भालते ही सौरभ यादव ने अपनी तेज तर्रार कार्रवाई से अपराधियों में खोफ पैदा किया हुआ है, उनकी इस तेज तर्रार कार्रवाई से अपराध करने वाले क्षेत्र छोड़कर भाग रहे हैं। उनकी इस जबारदस्त कार्रवाई से जहा नशा तस्करो, शराब माफियाओं, खनन माफियाओं एवम भू-माफियाओ में भारी खलबली का माहोल है, वहीं वांछित/वारंटियों एवम लूट की घटनाओं को अंजाम वालो में भी जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि उनके अधीनस्थ काम करने वाली पुलिस टीमें भी उनके सख्त निर्देश पर अपना काम तेजी के साथ कर रही है। गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ यादव का कहना है, कि सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निदेशों का अच्छी तरह से पालन कर रहे हैं। उप निरीक्षक सौरभ यादव ने कहा की मेरे क्षेत्र में शांति भंग करने वाले व अपराधिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था कायम करना मेरे लिए सर्वोपरि है।

# गला दबाकर की गई थी पूजा की हत्या, पति प्रिंस गिरफ्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर स्योहारा। क्षेत्र के गांव मधुपुरा में विवाहित पूजा की हत्या गला दबाकर की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थाना क्षेत्र के गांव मधुपुरा निवासी प्रिंस कुमार पुत्र दयाराम की पत्नी 20 वर्षीय पूजा देवी का शव बुधवार तड़के अपने कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला था। प्रिंस व पूजा का विवाह इसी वर्ष 26 जनवरी को हुआ था। ससुराल वालों ने तीन घंटे बाद बुधवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे घटना की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना पर पूजा के मायकेवाले , थाना नूरपुर के गांव मूस्सेपुर से ससुराल क पहुंचे, उन्होंने बेटी की हत्या करने का आरोप में लगाया था। मृतका के गले पर निशान भी मिले थे। बुधवार रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पूजा की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में पुलिस ने ने आरोपित पति प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया है।

# एसडीएम व सीओ ने गंगा स्नान के मेले के स्थान एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** चांदपुर तहसील के उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक, पुलिस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने नारनौर गंगा घाट पर लगने वाले गंगा स्नान के मेले के स्थान एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला समिति, नारनौर के अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, प्रबंधक नीरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, समिति के सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, रितिक कुमार तरूण शर्मा, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे। गंगा स्नान के मेले को भव्यतम रूप में सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिये गये है।

# वैश्य समाज महिला संगठन ने दीपावली उत्सव मनाया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** वैश्य समाज महिला संगठन (उत्तर प्रदेश) के द्वारा दीपावली उत्सव संगीता अग्रवाल पत्नी राजीव अग्रवाल के निवास स्थान पर मनाया गया। वैश्य समाज महिला संगठन की बिजनौर जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल के नेतृत्व मे दीपावली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वैश्य समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल ने वैश्य समाज महिला संगठन अमरोहा की जिला अध्यक्ष मीनू गुप्ता को उपहार देकर सम्मानित किया। एवं संगठन की महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संगठन की पदाधिकारिओ ने जिला अध्यक्ष शशि अग्रवाल की प्रशंसा की। इस मौके पर निष्ठा अग्रवाल, मेहुल अग्रवाल, इंदु गुप्ता, श्वेता बंसल, रुचि गुप्ता, विनीता अग्रवाल, शिखा गुप्ता, स्वाति रस्तोगी, वैशाली जैन आदि महिलाएं मौजूद रही।

# आगरा वार्ड 86 के पार्षद सज्जन अली द्वारा क्षेत्रीय जनता को मिली पानी की सुविधा



वेलकम इंडिया

आगरा टेड़ी बगिया इस्लाम वार्ड नंबर 86 के पार्षद सज्जन अली द्वारा क्षेत्रीय जनता को मिली खुशी की लहर क्षेत्र में हर गली मोहल्ले में खरंज्जे व सड़क के निर्माण को करते हुए क्षेत्र में जिन जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा था और क्षेत्रीय जनता पानी को लेकर बहुत परेशान थी कई बार पानी की वजह से टेड़ी बगिया इस्लाम की जनता ने रोड़ को भी जाम किया था इस समस्या को ध्यान में रखते हुए आगरा वार्ड नंबर 86 के पार्षद सज्जन अली साहब ने पानी की पाईप लाईन का कार्य करा कर क्षेत्रीय जनता को खुशी प्रदान की जिसमें सज्जन अली पार्षद के साथ क्षेत्रीय सामाजिक लोग भारतीय किसान यूनियन आगरा जिला उपाध्यक्ष जमील खान,गौरी साहब, पप्पू उस्मानी, इम्तियाज उस्मानी उर्फ भोला भईया, शाहिद अली शाह पत्रकार, मयूर खान पत्रकार आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पैगंबरपुर में आयोजित रामलीला में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा आमजन को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिये गये.प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें । .साइबर फ्राड/धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा साईबर सेल से सम्पर्क करें।



# नगर में निकली महाकाली की भव्य शोभायात्राओं में पुलिस प्रशासन रहा सतर्क

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** गुरुवार को नगर में मां महाकाली की भव्य शोभायात्राएं बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गईं।एक तरफ नगर के मौहल्ला गोसाइयांन में महाकाली की शोभायात्रा का शुभारम्भ समाजसेवी सुविन भारद्वाज ने फीता काटकर किया। वहीं मौहल्ला कायस्थवाडा में बीके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व समाजसेवी नरेंद्र शर्मा ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। जय हो जय हो तेरी महाकाली, ढोल-नगाड़ों और माँ काली के उद्घोषों के बीच भक्तों का उत्साह देखने लायक था। नगर की गलियों में शोभायात्रा के शुभारम्भ होते ही महिला-पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से शोभायात्रा में शामिल हुए और मां के दिव्य रूप का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर माँ काली व झांकियों का स्वागत किया गया। महाकाली शोभायात्रा समिति के पदाधिकारियों ने व्यवस्था संभालते हुए भक्तों को जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गयी। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह स्वयं कोतवाली पर देर रात तक डटे रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

# गोवर्धन पूजा के लिए खेत से गन्ना लेने गए दसवीं के छात्र की बाइक पेड़ से टकराई,मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**किरतपुर।** जहां क्षेत्र में खुशी का माहौल था,वही क्षेत्र के एक गांव के परिवार में उस समय मातम छा गया जब गोवर्धन पूजन के लिए खेत से गन्ना लेने गए कक्षा दसवीं के छात्र की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और वह घायल हो गया।जिसे गंभीर हालत में भर्ती कराया गया जहां पर युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ?।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कसौर निवासी सत्यम (17 ?)वर्ष पुत्र बलराज खेत से गन्ना लेने गया था वापसी पर गोविंदपुर की पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर शीशम के पेड़ से टकरागई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर वहीं गिर पड़ा।काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता सताने लगी और उन्होंने खोज भी शुरू कर दी। इसी दौरान राहगीरों ने जानकारी दी कि एक युवक सड़क किनारे घायल पड़ा है सूचना पर परिजन सड़क की ओर दौड़ पड़े जिन्होंने सत्यम को तत्काल किरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां गुरुवार को इलाज के दौरान सत्यम ने दम तोड़ दिया। घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।मृतक सत्यम का शव घर पहुंचने पर ग्रामीणों कि भीड़ उमड़ पड़ी और सभी की आंखें नम हो उठी। सत्यम नगर के एसएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था और वह घर का इकलौता वारिस था उसकी मां ग्राम के गुरुकुल पब्लिक स्कूल में अध्यापिका है और पिता मंडावर क्षेत्र के शिशु मंदिर में आचार्य पद पर कार्यरत है।युवक की असमय मौत से क्षेत्र में गम का माहौल है।

# जीपीडीपी की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर रायबरेली ,के माध्यम से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद लखनऊ में उपनिदेशक शाश्वत आनंद सिंह के नेतृत्व में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं जन योजना अभियान जी०पी०डी०पी० की जिला स्तरीय समिति की बैठक विकास भवन स्थित लोहिया सभागार में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ अजय जैन ने की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और जिला स्तरीय विभागों की सहभागिता से जीपीडीपी का निर्माण करना था ताकि वे ग्रामीण विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी लखनऊ जितेंद्र कुमार गोंड द्वारा संबोधन के साथ हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में, जितेंद्र कुमार गोंड ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए करें। उन्होंने कहा, ₹हमारी पंचायतों को सशक्त बनाना ही ग्रामीण भारत के विकास की कुंजी है, और यह प्रशिक्षण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।₹

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें स्वच्छ भारत अभियान, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, और जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख सरकारी योजनाएं शामिल थीं। विशेषज्ञों द्वारा इन योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और रिपोर्टिंग के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को ग्राम सभा के प्रभावी संचालन, वित्तीय प्रबंधन और सामाजिक अंकेक्षण के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।

समापन सत्र में,मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ अजय जैन ने सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बधाई दी और उनसे अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्राम पंचायतों में भी ऐसे बैठकों का आयोजन हो ताकि ग्रामीण विकास की गति को बनाए रखा जा सके।

इस सफल आयोजन ने जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर की प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया कि वह जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रषिक्षण का आयोजन शानवी मल्होत्रा के एजेंसी द्वारा किया गया

## यूपी पुलिस में सिपाही बनने पर पूर्व छात्र छात्राओं को सम्मानित किया



**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा स्थित गायत्री विद्या निकेतन समिति की ओर से स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर यूपी पुलिस में सिपाही बनने पर पूर्व छात्र छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय में आयोजित एक सादा कार्यक्रम में छात्र बना सिपाही यतिन कुमार लोधी को शिक्षक सतीश चन्द्र ने और छात्रा बनी महिला सिपाही अनीता लोधी और गांव दरावर निवासी छात्रा बनी महिला सिपाही निशा कुमारी को शिक्षिका सुधा शर्मा ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# साप्ताहिक बाजार से बढ़ी भीड़ सड़क पर लगा जाम , फंसे लोग



वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** बांसी-नन्दौर मार्ग स्थित बेलौहा चौराहे पर शुक्रवार दोपहर दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक सैकड़ों राहगीर और वाहन चालक फंसे रहे, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह जाम शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण लगा। बाजार में खरीदारी करने आए लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोपहिया, चारपहिया और ठेले-रिक्शों की आवाजाही बाधित हुई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बेलौहा चौराहे पर हर शुक्रवार को ऐसी स्थिति बनती है। जबसे सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू हुआ है तब से और भी स्थिति दयनीय है।

सूचना मिलने पर खेसरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और जाम खुलवाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दिनों में बेलौहा चौराहे पर विशेष यातायात व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी असुविधा से बचा जा सके।

## सार संक्षेप

### सोसाइटियों पर खाद व बीज के वितरण में हो रही परेशानीं के विरोध में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** शाहनवाज चौधरी के नेत्रत्व में प्रदेश में खाद एवं बीज सोसायटियों पर किसानों की लम्बी कतार लगनें तथा,खाद व बीज के वितरण में हो रही परेशानीं के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी हापुड़ को सौंपा। सरकारी आंकडों की मानें तो प्रदेश में खाद व बीज पर्याप्त मात्रा में है। लेकिन प्राय देखनें में आ रहा है कि किसान खाद व बीज के लिए कतार लगाये खडा है।फिर किसान की लम्बी कतार क्यों यदि खाद बीज का भंडार सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में है तो।भारतीय किसान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहनवाज चौधरी नें कहा कि जब सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज है तो सोसापटी कर्मचारी सुचारू रूप से क्यों नहीं कर रहे यह जांच का विषय है। भारतीय किसान संगठन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग करते कि रबी की फसल की तैयारी में लगे किसान को किसी भी तरह की परेशानी खाद व बीज को लेकर ना हो। सरकार सही समय पर उचित व्यवस्था करे। जिससे किसान बिना कतार में लगे फसल बोनें की तैयारी करे।पिछले कुछ महिनों में विभिन्न स्थानों पर देखा है । कि सोसापटियों के बाहर कई किसानों की मौत हो गयी व बहुत से किसानों को पुलिस बल नें जबरन हटाया।उत्तर प्रदेश में रबी की मुख्य फसलों को देखते हुए सरकार खाद बीज की व्यवस्था करे। इस मौके पर लोग मौजूद रहे।

### आग से जला भूसा महिला व पशु भी झुलसे

**बुगरासी।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव क्रियावली में आग लगने से बौंगा जल गया।पास में बंधे पशु भी झुलस गये।भूसा व पशुओं को बचाने के चक्कर में सकटू की पत्नी ललिता भी झुलस गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव क्रियावली में शुक्रवार को भूसे के बौंगे में अचानक आग लग गई।भूसे को बचाने के चक्कर मे सकटू की पत्नी ललिता भी झुलस गई।बौंगे के पास में बंधे कई पशु भी झुलस गये।50000 का भूसा जल गया और झुलसने से पशु भी बेकार हो गये।आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने समरसेबिल से आग बुझाने का अथक प्रयत्न किया लेकिन तब तक भूसा जलकर राख हो चुका था। उन्होंने यह भी बताया कि आग में झुलसे पशुओं का पशु चिकित्सक के पास इलाज कराया जा रहा है।वही दूसरी ओर ललिता को भी इलाज के लिये कस्बे के प्राईवेट अस्पताल में इलाज कराया गया है।

# गांव की समस्या गांव में ही समाधान करने की मंशा, केन्द्र प्रदेश सरकार का एक सराहनीय कदम : जफर आलम

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी







**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत रमवापुर खास में गांव की समस्या गांव में समाधान करने हेतु शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिव सन्दीप सरोज ने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान एवं प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम ने कहा कि गांव की समस्या गांव में ही समाधान करने की मंशा, केन्द्र प्रदेश सरकार का एक सराहनीय कदम है। यदि ग्राम चौपाल कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागीय अधिकारी आते तो कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जा सकता है। चौपाल कार्यक्रम में उन्होंने गांव के विकास से लेकर पराली ना जलाने को लेकर जागरूकता फैलाई। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान ग्राम प्रधान जफर आलम, सचिव सन्दीप सरोज, इन्द्रजीत पासवान आदि मौजूद रहें।

## मिशन शक्ति अभियान के महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना अहमदगढ पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा मंदिरो/मुख्य बाजार/चौराहो एवं अन्य भीड भाड वाले स्थानो पर जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, मिशन शक्ति टीम को साथ लेकर इंस्पेक्टर रजनी वर्मा द्वारा समझाया गया कि जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# पति ने पत्नी पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला,नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के थाना धौलाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर खिचरा में शुक्रवार दोपहर एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में घायल महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है, जबकि आरोपी पति मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यूपीएसआईडीसी चौकी क्षेत्र की सोनी कॉलोनी में किराए पर रह रही गौरी (पत्नी शिवम उर्फ प्रिंस, निवासी एटा) पर उसके पति ने पेट और कमर पर पांच वार किए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया।

गौरी की बहन लक्ष्मी के अनुसार, पति का एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपी ने वारदात को अंजाम दे दिया।

सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

# ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में पहुंचे यति नरसिंम्हानंद गिरी



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** गांव खड़खड़ी में चल रहे पांच दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में आहुति देने डासना पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर यति स्वामी नरसिम्हानंद गिरी जी महाराज व डॉ उदिता त्यागी पहुंचे इससे पहले गांव खड़खड़ी निवासी कवि विकास त्यागी के निवास पर उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर स्वामी जी के सहपाठी रहे व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी,कवि विकास विजय त्यागी, गायत्री परिवार के सुधीर त्यागी, चौधरी निखिल त्यागी अहाते वाले, मास्टर विजय सिंह त्यागी, श्याम वर्मा मौजूद रहे।

# शिक्षिका चारू शर्मा को लखनऊ में राज्यस्तरीय यूपी एलीडर्स अवार्ड से किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद की शिक्षिका चारू शर्मा लखनऊ में राज्यस्तरीय यूपी एलीडर्स अवार्ड से स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीएसए सहित अन्य अधिकारियों व शिक्षकों ने उन्हें बंधाईया दी है।

जानकारी के अनुसार एलीडर्स द्वारा निपुण भारत मिशन के तहत क्षमता वृद्धि,उनके कार्यों को प्रेत्साहन, बच्चों के लर्निंग ऑउटकम को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित शैक्षिक गुणवता सेमैनर व एकूलीडर्स सम्मान समारोह में जनपद हापुड़ से एकमात्र चयनित सिम्भावली के गांव दत्तियाना स्थित नियाजपुर खइया के कंपोजिट विधालय की इंचार्ज हेडमास्ट चारू शर्मा को लखनऊ में यूपी के पशुपालन,दुग्ध विकास, मत्सय विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम , पूर्व बेसिक निदेशक डॉ.सर्वेन्द्र बहादुर विक्रम सिंह व अन्य अधिकारियों ने राज्यस्तरीय यूपी एलीडर्स अवार्ड सम्मान से सम्मानित किया। सम्मानित होने पर शिक्षाधिकारियों व शिक्षकों ने बधाईयां दी।शिक्षिका चारू शर्मा को

स्कूल में किए गए कार्यो को पीपीटी का प्रेजेंटेशन किया गया। चारु शर्मा ने बताया कि हमें बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनमें आदर्श व्यक्तित्व निर्माण के विकास का भी प्रयास करना चाहिए, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

जिले का नाम रोशन करने पर बीएसए रितु तोमर,खड़ शिक्षाधिकारी योगेश गुप्ता व अन्य अधिकारियों व शिक्षकों ने उन्हें बंधाईया दी।

## कार मिस्त्री पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला पुलिस जांच में जुटी

**बुलंदशहर।** थाना पहासू क्षेत्र के कस्बा पहासू में कार मिस्त्री पर रास्ते में दबंगों ने रोककर जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पहासू खंडार रोड स्थित पथवारी मंदिर के पास चार से पांच हमलावरों ने कार सवार मिस्त्री शमशु पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने कार को रोककर शमशु को बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पहासू पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शमशु को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत के चलते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वारदात पुरानी रंजिश या आपसी विवाद से जुड़ी हो सकती है।पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# एसएसबी कार्रवाई के वायरल वीडियो पर सफाई, पकड़े गये युवकों ने मांगी माफी

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा के बढ़नी कृष्णा नगर बॉर्डर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें एसएसबी के जवान एक युवक को रोकते हुए दिखाई दे रहे है। वीडियो सामने आने के बाद एसएसबी की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन अब मामले का पूरा सच सामने आया है।

एसएसबी की 50वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमाण्डेन्ट संजय केपी ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर की शाम लगभग 8:30 बजे की है। चेकिंग के दौरान कुछ लोग 10 जोड़ी कपड़ों का बण्डल लेकर नेपाल के रास्ते पिलर संख्या 567/2 के पास भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे। ड्यूटी पर तैनात जवान राजकुमार ने उन्हें रोका तो उन्होंने अभद्रता और विरोध किया। जवानों ने नियमित प्रक्रिया के तहत उन्हें रोका और समझाया। घटना के बाद शैदा हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन, निवासी ग्राम तरैला, पोस्ट रसूलपुर, थाना रूधौली, जिला बस्ती तथा अब्दुल कवि पुत्र अब्दुल कादिर ने बढ़नी चौकी इंचार्ज अनिरुद्ध सिंह की उपस्थिति में लिखित माफीनामा दिया। माफीनामे में दोनों ने स्वीकार किया कि हमसे गलती हुई, आगे से ऐसी गलती नहीं होगी। एसएसबी ने हमारे साथ किसी भी प्रकार की मारपीट या दुर्व्यवहार नहीं किया। जवानों ने केवल रोककर पूछताछ की। असिस्टेन्ट कमाण्डेन्ट संजय केपी ने बताया कि सीमा सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के गांव नैकनामपुर नानई में बच्चियों के अधिकारों के बारे में किया जागरूक,पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी।हेल्प लाइन नम्बर 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 ,1930 के बारे में जानकारी दी गई, पैम्पलैट वितरित किए गए। हापुड़ के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नैकनामपुर नानई कंपोजिट विद्यालय में बच्चियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। अभियान में बहादुरगढ़ पुलिस ने गांव में जाकर महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा,कानूनी अधिकार और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। इसका उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाना है और समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है।

# आबकारी व पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी के जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी लखनऊ के आदेश के क्रम मे, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन, लखनऊ व उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार, लखनऊ के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 24.10.2025 को आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना-रहीमाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-औलिया खेड़ा व उसके आसपास संदिग्ध ग्राम, स्थलों व बगीचों में दबिश और छापेमारी की गयी।

दबिश और छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी और लगभग 70 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की संसुगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी टीम में अखिलेश कुमार, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 तथा अभिषेक सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 मय स्टाफ एवं पुलिस टीम में एस.आई. प्रदीप सिंह, संध्या पटेल व अनिरूद्ध मिश्रा मय स्टाफ द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

# दिवाली की रात दहशत: पटाखे के विवाद ने ली हिंसक शक्ल, घर में घुसकर हमला

## महिलाओं से की गई अभद्रता, फायरिंग से मचा हड़कंप पीड़ित ने की एसएसपी से शिकायत, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र की ग्रीन वैली कॉलोनी में दिवाली की खुशियां उस वक्त चीख-पुकार में बदल गईं, जब पटाखे जलाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी झगड़े में तब्दील हो गया। स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोसी अनुपम सिंह, साधना सिंह, सिद्धांत सिंह और पलक सिंह ने उनके परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया और महिलाओं से अभद्रता की।

पीड़ित के मुताबिक, दिवाली की रात विपक्षी पक्ष ने उनके घर की ओर रॉकेट और पटाखे छोड़े, जिससे कपड़े जल गए। विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद आरोपी 5-6 अज्ञात लोगों के साथ घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में प्रदीप के बड़े भाई अशोक कुमार और पिता श्यामपाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन जब रिपोर्ट दर्ज कराने थाना सुभाषनगर पहुंचे तो रात करीब डेढ़ बजे आरोपी फिर से लौट आए और प्रदीप को घर से बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने घर की महिलाओं के कपड़े फाड़े, अभद्रता की और कमरे में घुसने की कोशिश की। किसी तरह महिलाओं ने खुद को अंदर बंद कर जान बचाई। जाते-जाते आरोपी फायरिंग करते हुए धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्होंने पुलिस को वीडियो साक्ष्य भी सौंपे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। परिजनों ने एसएसपी से सुरक्षा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सूदखोरों की धमकियों से परेशान युवक लापता, पत्नी ने पुलिस से लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**




**बरेली।** किला थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने लोगों के दिलों में खौफ भर दिया है। 46 आनंद विहार कॉलोनी निवासी मुरसलीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके पति मोहम्मद फिरोज को लंबे समय से सूदखोरों और दबंगों द्वारा मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। मामला इतना गंभीर हो गया कि युवक अब लापता हो गया और उसकी सुरक्षा को लेकर परिवार में दहशत मची हुई है।

महिला ने कहा कि लगभग साढ़े तीन साल पहले उनके पति ने कुतुबखाना की हरी मस्जिद गली निवासी इस्माइल खान उर्फ मुन्ने से 4.50 लाख रुपए उधार लिए थे। उस समय 12,000 रुपए प्रतिमाह की किश्त के हिसाब से भुगतान शुरू हुआ और पूरी राशि चुका दी गई। लेकिन इसके बावजूद आरोपी मुन्ने, उसके पुत्र वसीम और दानिश ने लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दी। पीड़िता मुरसलीन का आरोप है कि आरोपी लगातार अतिरिक्त रकम की मांग कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

आरोप है कि उन्होंने पति के हस्ताक्षरित चेक भी जबरन ले लिए। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार की रात से उनके पति लापता हैं। शुक्रवार को सुबह 10:20 बजे उन्हें उनके पति का मोबाइल नंबर से कॉल आई, जिसमें उन्होंने अपनी हालात की भयावहता बताई।

कॉल में उनके पति ने कहा कि लगातार धमकियों और प्रताड़ना के चलते वह अपनी जान देने पर मजबूर हैं। कॉल में वसीम और दानिश द्वारा उनके पति की हत्या करने और उनके घर में घुसकर उनके छोटे बेटे की हत्या करने की भी धमकी दी गई। जिसके बाद महिला ने किला थाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है और कहा कि उनके पति की जान किसी भी समय खतरे में पड़ सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो उनका पति या उनका बेटा किसी अपरिवर्तनीय घटना का शिकार हो सकते हैं। अब यह मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है और पुलिस द्वारा मामले की तफ्तीश तेज कर दी गई है।

## सार संक्षेप

### घटिया रोड बनाने को लेकर नगर पालिका बहेड़ी के खिलाफ सभासदों ने खोला मोर्चा



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बहेड़ी नगर पालिका परिषद के द्वारा जाफरी चौराहा से डाकखाना तक कोलतार का रोड डाला जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र के लगभग दर्जनभर सभासदों ने शुक्रवार को कड़ा विरोध जताया। सभासदों ने आरोप लगाया कि रोड को बिना मिट्टी साफ किए और बिना कोलतार डाले पतली परत में रोड डाली जा रही है, जिससे यह कुछ ही दिनों में टूट जायेगी।

सभासदों ने मांग की है कि बहेड़ी क्षेत्र के अत्यधिक वाहनों का आवागमन इसी रेड से होता है, इसलिए अच्छे से रोड पड़ना चाहिए, सभासदों ने कहा कि नगर पालिका का कोई भी कर्मचारी रोड की गुणवत्ता जांचने के लिए मौके पर मौजूद नहीं रहता। ठेकेदार अपनी मनमजी से घटिया किस्म का रोड डालता जा रहा है। हमारी मांग है कि इसे तत्काल रोका जाए, और अच्छी गुणवत्तापूर्ण रोड डाली जाए।

सभासदों का कहना है कि ठेकेदार और नगर पालिका के अधिकारी उनकी शिकायत पर कोई अमल नहीं कर रहें है जिसको लेकर सभी सभासद एसडीएम से शिकायत करने पहुंचे लेकिन एसडीएम नहीं मिले। जिस कारण उन्होंने अपना शिकायती पत्र तहसीलदार को सौंपा। तहसीलदार ने उनके शिकायती पत्र को नगर पालिका परिषद को कार्यवाही के लिए अग्रसारित कर दिया है।

वही दूसरी तरफ सभासदों ने आईजीआरस पर भी की शिकायती पत्र को नगर विकास मंत्री को भेजा है। शिकायत करने वालों में सलीम अहमद, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद रफी, तबस्सुम ,शबीना, मोहम्मद ताहिर, तबस्सुम, सुगरा, नजमा वाजिद हुसैन, मोहम्मद जाकिर आदि शामिल रहे।

### बाइक की चपेट में आने से साइकिल पंचर रिपेयर कर्मी हुआ घायल



**बागेश्वर।** नगर में बाइकर्स गैंग का आतंक कम होता नहीं दिख रहा है। शुक्रवार की दोपहर एक तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार तहसील रोड स्थित पंत साइकिल स्टोर में काम करने वाला मिस्त्री किशन राम साइकिल चेक कर रहा था तभीअचानक सामने से आ रही स्कूटी की चपेट में आने से वह घायल हो गए। जिसके बाद वहां लोगों का जमावड़ा लग गया ।मामले में घायल हुए किशन राम को इलाज के लिए स्थानीय लोगों द्वारा108 बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल में भेजा गया। घटना के बाइक सवार ने बताया कि वह अचानक रुक गया फिर घायल व्यक्ति और बाइक चालक के बीच अचानक सड़क पार करते समय ठीक स्थिति का पता नही चल पाने से घायल व्यक्ति बाइक के से टकरा गए ।जिससे उनके पांव में चोट आ गई।

# पत्रकार दिनेश नेगी के पिता का निधन, शोक

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** पत्रकार दिनेश नेगी के पिता दान सिंह नेगी का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया है। वे 62 वर्ष के थे। उन्होंने डाक सेवक के रूप में 46 वर्षों की लंबी सेवा की। वे एक ईमानदार, कर्मठ, मिलनसार, मिलनसार, अनुशासित, सहज, सरल व मृदुभाषी थे ।उनके पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि सरयू संगम तट में हुई ।जहा उनके पुत्र पत्रकार दिनेश नेगो और उनके भाई ने मुखाग्नि दी।

उनके निधन पर विधायक पार्वती देवी, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट,जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, ब्लाक प्रमुख किशन बोरा, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, ग्राम प्रधान कविता नेगी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, भाष्कर बोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद, पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया, सहित पत्रकार सँगठन एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता, जिला महामंत्री अनिल पांडे, संरक्षक रमेश बृजवासी, वरिष्ठ पत्रकार और सँगठन के जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला, अखिल जोशी,पूरन दोसाद, पार सिलाालाल वर्मा,अशोक लौहमी, योगेश नगरकोटी, सुष्मिता थापा, सुरेश पांडे, मनोज कुमार, बसंत चन्दोला, जगदीश पांडे,महेश जोशी, हिमांशु जोशी,तनुज तिरूवा, गणेश उपाध्याय, अर्जुन राणा, भगवत नेगी, विपिन जोशी, सहित कृष्णा गढ़िया, हरीश जोशी, डीके जोशी, प्रमोद जोशी, हेम उपाध्याय, हेम वर्मा, दिग्विजय फर्सवाण आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# किसानों ने जिलाधिकारी के सामने गन्ने के भुगतान खाद और कमीशनखोरी पर निकाली अपनी भड़ास

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**




**बरेली।** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को आयोजित किसान दिवस में जिले भर से आए किसानों ने डीएम अविनाश सिंह के सामने जमकर अपनी भड़ास निकाली। किसानों ने चीनी मिलों में गन्ने का भुगतान न होने, खाद की कमी और सरकारी योजनाओं में अफसरों की मनमानी और कमीशनखोरी जैसी समस्याओं को लेकर खुलकर आरोप लगाया।

किसानों ने बताया कि गन्ने की फसल के लिए उन्होंने मेहनत की है, लेकिन कई मिलों में उनका भुगतान अभी भी लंबित है। इससे उनकी आर्थिक हालत खराब हो रही है। वहीं, खाद की सही मात्रा में वितरण न होने और इसके लिए कठोर नियमों के चलते अधिकांश किसान बंचित रह जाते हैं। किसानों ने यह भी कहा कि कई अफसर सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं पहुंचाते और इसके लिए कमीशन की मांग करते हैं, जिससे किसान परेशान हैं।

किसान मंजीत सिंह और अशरफीलाल ने कहा कि सरकार भले ही किसानों की भलाई के लिए योजनाएं चला रही हो, लेकिन अफसरों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच रहा। उन्होंने चीनी मिलों में अटके करोड़ों के भुगतान और खेती से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चिंता जताई। डीएम अविनाश सिंह ने किसानों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निस्तारण तत्काल किया जाए और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए। साथ ही, किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। किसान दिवस में पुलिस से जुड़ी समस्याओं को भी किसानों ने उठाया। उन्होंने कहा कि थानों और चौकियों में गरीब किसानों की सुनवाई नहीं होती। इस पर एसएसपी अनुराग आर्य ने तुरंत नोट लेकर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर सीडीओ देवयानी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने की प्रक्रिया को लेकर उन्हें आश्वस्त किया। किसानों ने उम्मीद जताई कि अब उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचेगा।

# देश लिजी लड़नै रुलो मैं अघिल बड़नै रुलो...

**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** ग्राम पंचायत मटेना में आयोजित दीप महोत्सव पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने गांव के विकास के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। नवयुवक मंगल दल मटेना के तत्वाधान में आयोजित 50 वें दीप महोत्सव में जिपंस जनार्दन लोहुमी ने विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में समां बाध दिया। जय बागनाथ लोक कला समिति के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। अध्यक्षता नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे ने तथा संचालन संरक्षक चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, जिपंस दीपक खुल्बे, जिपं सदस्य और ब्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी,विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा, कनिष्ठ प्रमुख भावना खुल्बे, ग्राम प्रधान नीमा जोशी, पूर्व प्रधान रविशंकर बिष्ट, पूर्व क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, कैलाश शास्त्री, इंद्र सिंह फर्सवाण, वरिस्ठ पत्रकार अनिल पांडे,उमेश जोशी, शंकर टम्टा, जेसी आर्या, मोहन जोशी, दीपक पाठक, संजय साह जगाती, हेम चंद्र पांडे, मनोज जोशी, दीप चंद्र बिष्ट, नवीन मिश्रा, विनोद खोलिया, संजय बड़सीला, अनिल पांडे, मनोज खोलिया, सुरेश खोलिया, संजय पांडे, जगदीश खोलिया, राजू नेगी, नीमा बड़सीला, पुष्पा पांडे समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



### मेधावी छात्र वैभव, निर्मल व किरन को किया सम्मानित

**गरुड़।** दीप महोत्सव में गांव के मेधावी छात्र वैभव जोशी, निर्मल कांडपाल व किरन बिष्ट को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दिव्या बिष्ट का शास्त्रीय नृत्य व बाल कलाकारों द्वारा सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर प्रस्तुत नाटक ने जमकर तालियां बटोरी। पूर्व प्रधान चंद्रशेखर जोशी ने कुमाउनी जागर प्रस्तुत कर सबको लोटपोट कर दिया। बाल कलाकारों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

# मौलाना तौकीर की पहली पत्नी पाकिस्तानी उनके मुरीद तालिबानी : निदा खान

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** दरगाह आला हजरत खानदान की बहू निदा खान ने बरेली में हुए बवाल के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मौलाना तौकीर रजा के समर्थक उन्हें फोन पर धमकियां दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर गाली-गलौज कर रहे हैं।

निदा का कहना है कि मौलाना तौकीर पर की गई कार्रवाई पूरी तरह सही है, निदा ने कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि अब घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सवाल उठाया है कि महिला सुरक्षा नाम की चीज अब रह ही नहीं गई। जो औरत सच बोलती है, उसे डराया और धमकाया जाता है। बुधवार रात निदा खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि उनकी शादी करीब दस साल पहले दरगाह खानदान में हुई थी। शादी के बाद आपसी विवाद के चलते मामला कोर्ट में पहुंच गया, जो अभी तक चल रहा है। उन्होंने बताया कि इन दस सालों में कई बार उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलीं और उन पर हमले भी हुए।

निदा ने कहा कि 26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के प्रदर्शन के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई थी। उस वक्त वह चुप रहीं, क्योंकि मामला संवेदनशील था। लेकिन अब मौलाना के समर्थक लगातार फोन कर धमकियां दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर गालियां लिख रहे हैं। निदा ने कहा कि उन्होंने यह वीडियो यूपी पुलिस को भी भेजा है। मौलाना तौकीर रजा ने जो किया, उस पर जो कार्रवाई हुई वह बिल्कुल सही है। उन्होंने मौलाना के परिवार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके देवर अरसलान और उसके साथी उवैस का भी नाम मुकदमे में शामिल है। निदा ने दोनों पर तालिबानी सोच रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौलाना की पहली पत्नी पाकिस्तान से थीं, जिन्हें उन्होंने तीन तलाक देकर छोड़ दिया और दूसरी शादी कर ली। निदा ने कमलेश तिवारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि उस मामले में भी दरगाह से जुड़े एक मौलाना का नाम सामने आया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई। निदा ने कहा कि उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। उनके मुताबिक, उनके पति के खिलाफ वारंट भी जारी हैं, लेकिन पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की होगी जो उन्हें धमकियां दे रहे हैं।

# अक्टूबर माह की संकुल बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति पर हुई चर्चा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** अक्टूबर माह की संकुल बैठक में क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चन्दपुर काजियान में जोगीठेर न्याय पंचायत के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों ने इस बार बच्चों को स्कूल कैसे नियमित रूप से लाया जाए और विद्यालय में छात्र उपस्थिति को विभाग के निदेर्शों के क्रम में कैसे बढ़ाया जाए इस विषय पर चर्चा की।

इस अवसर पर एआरपी प्रियंका गुप्ता भी मौजूद रहीं, इस दौरान सभी शिक्षकों का मानना था कि यदि बच्चा नियमित स्कूल नही आयेगा तो निश्चित ही वह अपनी विषय वस्तु को समझने में नाकाम ही साबित होगा और विभाग द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में हम लोग विद्यालय को निपुण नही बना सकेंगे। इसलिए बच्चे का नियमित स्कूल आना ही सबसे अहम और महत्वपूर्ण लक्ष्य है, एक बार यदि बच्चा विद्यालय में नियमित हो जाता है तो हम उसे निपुण लक्ष्य ही नही बल्कि हर लक्ष्य की प्राप्ति करा सकते हैं। आपको बता दें कि परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक माह होने वाली इस संकुल बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान कराना है, जहाँ वे आपस में मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को विभाग द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों और एजेन्डों के क्रम में और अधिक बेहतर बनाने पर न्याय पंचायत स्तर के एक विद्यालय में एकत्र होकर विचार-विमर्श करते हैं। यह बैठकें विशेष रूप से निपुण भारत मिशन जैसे कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहायक होती हैं।

इस संकुल बैठक में न्याय पंचायत स्तर के सभी विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक न्याय पंचायत के किसी एक विद्यालय में एकत्र होते हैं और अपनी शिक्षण विधियों, शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों पर सभी से चर्चा करते हैं ।शिक्षक अपने विद्यालयों में किए गए प्रयासों और चुनौतियों को भी साझा करते हैं। जिससे बच्चों की विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति और शिक्षण में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। शुक्रवार को आयोजित प्राथमिक विद्यालय चन्दपुर काजियान की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार (जोगीठेर), शशिवाला जौहरी (बहजुईया जागीर), मुकेश कुमार (ठिरिया ठाकुरान), कल्पना शर्मा (चन्दपुर जोगियान) संकुल शिक्षक निशा पाल, नलिन रस्तोगी, दीपा गुप्ता, गीता यादव, सविता यादव, असमत जैहरा, नीलम सक्सेना, रेनू गंगवार, मोनिका अग्रवाल, रीना, रितु उपाध्याय, मीनू रस्तोगी, आदि शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक उपस्थित रहे।

# काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के ब्लॉक तथा जोन स्तरीय खेलों का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**





**वाराणसी।** काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन विकास खंडो आराजीलाइंस,काशी विद्यापीठ, सेवापुरी और नगर क्षेत्र के पांच जोनो आदमपुर, वरुणापार,भेलूपुर, कोतवाली, दशाश्वमेघ में 24 अक्टूबर शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। विभिन्न आयु वर्गों अंडर 11,11 से 14,14 से 18,18 से 40,40 वर्ष से अधिक वर्ग में विभिन्न खेलों में कुल 32818 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे खो खो 1913.,कबड्डी मे 3399, एथलेटिक्स मे 18398.,रस्सी कूद 2830.,चिन अप 940,पुसअप मे 983.,रस्सकसी मे 199,वॉलीबाल 2466 बैंडमिंटन 1514,कुश्ती 42 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विभिन्न आयु वर्गों और खेलो में 859 प्रतिभागी विजेता रहे। आज के प्रतियोगिताओ का आयोजन ब्लॉक तथा जोन मे कुल 8 स्थलों पर हुओ सेवापुरी ब्लाक में 1332 आरजी लाइंस ब्लॉक में 648 काशी विद्यापीठ ब्लाक में 960 आदमपुर में 4391 वरुणा पार में 17748,भेलूपुर में 3540,कोतवाली में 4418 तथा दशाश्वमेघ में 3727 प्रतिभागी रहे आज के विभिन्न खेलो को देखने के लिए कुल 68512 दर्शक उपस्थित रहे।गौरतलब है कि जोन स्तर पर विद्यालय स्तर के विजेता प्रतिभागियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विकासखंड स्तर पर न्याय पंचायत स्तरीय खेलों के विजेता प्रतिभागियों के मुकाबले हुए।

आज के खेलो मे जनप्रतिनिधियो की गरिमामयी उपस्तिथि रही जिसमे आदमपुर जोन के काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता -2025 का उद्घाटन महापौर डॉ अशोक कुमार तिवारी के कर कमलों द्वारा किया गया महापौर ने हरी झंडी दिखाकर एवं कपोत उड़ाकर कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जगदीश त्रिपाठी महामंत्री बीजेपी इस मौके पर उपस्थित थे विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी द्वारा कमलाकर चौबे आदर्श इंटर कॉलेज में आयोजित आदमपुर जोन की जोन स्तरीय काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात मार्च पास्ट से सलामी ली गई एवं क्लैपर बजाकर ट्रैक एंड फील्ड खेलकूद कार्यक्रमों का उद्घाटन किया गया साथ ही साथ प्रतिभागिता करने वाले बच्चों को प्रतिभागिता सर्टिफिकेट वितरित किया गया। सेवापुरी में धर्मेन्द्र सिंह एमएलसी सदस्य,अभिषेक दूबे मण्डल अध्यक्ष सेवापुरी भाजपा,विवेक सिंह मण्डल अध्यक्ष कालिकाधाम भाजपा,संदीप सिंह काशी सांसद खेल संयोजक सेवापुरी,उप जिलाधिकारी राजातालाब वाराणसी उपस्थिति रहे।

विकास खंड आरजी लाइंस में मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य सुनील पटेल विधायक रोहनिया,वरुणापार जोन में मुख्य अतिथि प्रदीप अग्रहरि भाजपा महानगर अध्यक्ष,काशी विद्यापीठ में पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष,सौरभ श्रीवास्तव विधायक कैंट दशाश्वमेघ जोन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण पर्व है दीपावली : भास्करानंद महाराज

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित अखण्ड दया धाम में मंगलायतन सेवा ट्रस्ट के द्वारा पंच दीपावली महोत्सव महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के पावन सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन किया गया।साथ ही समूचे आश्रम को मिट्टी के दीपक और झिलमिल आधुनिक लाइटों से रोशन किया गया। इसके अलावा जमकर बम, पटाखे, फुलझड़ी व आतिशबाजी चलाई गई।

अखण्ड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि दीपावली भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण पर्व है।यह पर्व युगों युगों से मनाया जाता रहा है।कार्तिक मास की अमावस्या को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह पर्व एक पौराणिक पर्व है।जिसे समस्त सनातन धर्मावलंबी कार्तिक कृष्ण अमावस्या को पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व में मनाए जाने वाले सभी पर्वों में दीपावली का त्यौहार व्यवहारिक, सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से भी अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।धार्मिक ग्रंथानुसार सतयुग, त्रेता और द्वापर युग से लेकर कलयुग तक कई कथाओं में दीपोत्सव का विशेष महत्व बताया गया है।

महोत्सव के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के द्वारा उसके अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज का सम्मान किया।साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट किया गया।

इस अवसर पर महाराजश्री की परम्-कृपापात्र शिष्या साध्वी कृष्णानंद महाराज, वरिष्ठ पत्रकार विपिन पाराशर, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, श्रीमती वसुधा गोपाल आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महापर्व छठ के लिये नदी तालाबों की सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था करने की जिला प्रशासन से मांग

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** नेशनल इक्वल पार्टी अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह ने क्षेत्रीय मीडिया कार्यालय भरालाई शिवपुर पर बात करते हुऐ जिला प्रशासन वाराणसी के गुहार लगाई है कि आने वाले 27 और 28 अक्टूबर को महापर्व छठ सूर्य पूजा के लिये सभी नदियों और तालाबो की सफाई तथा समुचित रोशनी की व्यवस्था की जाए ताकि शाम और सुबह आने जाने वाली महिलाओ को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# श्याम नाम गूंज के साथ पातालेश्वर मंदिर से निकाली गयी श्री श्याम निशान यात्रा



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** श्री श्याम मंडल वाराणसी द्वारा 11 दिवसीय निशान शोभा यात्रा के तीसरे दिन श्याम नाम गूंज के साथ मैदागिन स्थित पातालेश्वर मंदिर से श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई जो बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया गिरजाघर होते हुए लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई इसके बाद प्रभु के चरणों में निशान अर्पण की गईं प्रभु की आरती उतारी गई वह श्याम चालीसा पढ़ा गया भक्तों में प्रसाद वितरण कियो श्याम प्रभु की रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई।इसके पूर्व श्री श्याम मंडल के मंत्री पवन कुमार अग्रवाल, प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान,कार्यक्रम संयोजक मुकेश गाड़ोदिया,पवन पांडे,रवि कानोड़िया ने संयुक्त रूप से श्याम ध्वजा का पूजन की व भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा शुभारंभ की रास्ते भर भक्त भजन लहर लहर लहराई रे श्याम ध्वजा लहराई रे,हारे हारे हारे सहारा तू हारे का,गाते चल रहे थे गाड़ी पर कृष्ण रूपी प्रभु श्याम की तैलिंग चित्र फूलों से सजाई गई थी जो साथ आगे आगे चल रही थी इसके पीछे समाज की महिलाएं पुरुष बच्चे श्याम ध्वजा लिए चल रहे थे महिलाएं सजी थाली लिए चल रही थीं संयोजन में जागृत गाड़ोदिया संजय शर्मा सिवाग शर्मा ने आदि लोग उपस्थित थे।

# नरगोली ने जीता उद्घाटन मैच सैमपुर धौलियापाटा को 2-1 से हराया



**बागेश्वर, पंकज डसीला।** राइंका खेल मैदान नरगोली में नवयुवक मंगल दल नरगोली के तत्वावधान में दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है। मैच का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख दीपा देवी ने किया। उन्होंने खेल भावना के साथ खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने जनमिलन केंद्र का सुधारीकरण करने की घोषणा की। बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य भंडारीगांव कविता बोरा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने एक लाख रुपए देने की घोषणा की। उद्घाटन मैच चण्डिका क्लब नरगोली व सैम शक्ति क्लब सैमपुर धौलिपाटा के मध्य खेला गया। बेस्ट आंफ थ्री के मैच में लगातार दो सैट जीतकर नरगोली की टीम विजयी रही। मैच के रैफरी मानस रौतेला, योगेश रौतेला, उद्घोषक दीपक रौतेला, स्कोरर आशुतोष रौतेला, इस मौके पर ग्राम प्रधान हीरा देवी, चन्द्रशेखर रौतेला, चंद्र राम, पूर्व शिक्षाधिकारी भगवत रौतेला पूर्व प्रधानाचार्य मनोहर सिंह रौतेला पूर्व क्षेत्र पंचायत दीपक रौतेला, पूर्व प्रधान अनिल रौतेला, कविता रौतेला, हरीश डसीला, केदार भौर्याल, पूरन भौर्याल, सतीश उप्रेती, मनोज रौतेला, नवयुवक मंगल दल अध्यक्ष गिरीराज रौतेला गोलू आदि उपस्थित थे।

# बीएचयू में रोजगार मेले का हुआ आयोजन, अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार कमलेश पासवान ने 24 अक्टूबर शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित सत्रहवें रोजगार मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रदान किए जा रहे नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत वाराणसी में उपस्थित नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रतिभासेतु पोर्टल का उल्लेख करते हुए कहा कि जो उम्मीदवार यूपीएससी की अंतिम सूची तक पहुंचे किंतु सफल नहीं हो पाए, उनकी मेहनत भी अब व्यर्थ नहीं जाएगी इसीलिए निजी और सार्वजनिक संस्था इस पोर्टल से उन युवाओं को निमंत्रित कर अवसर प्रदान कर सकते हैं युवाओं की प्रतिभा का सदुपयोग ही भारत के युवा सामर्थ्य को दुनिया के सामने लेकर आएगा।

वहीं रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह केवल नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि देश सेवा का निमंत्रण पत्र है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में नव नियुक्त अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी उन्होंने कहा कि आपकी ईमानदारी, निष्ठा और सेवा भावना ही राष्ट्र की प्रगति का आधार बनेगी जनता का विश्वास आपके आचरण और कर्म से और सशक्त तथा मजबूत होगा आप केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के निमार्ता हैं श्री पासवान ने काशी को ज्ञान, संस्कार और परंपरा की पावन भूमि बताते हुए कहा कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित इस महनीय विश्वविद्यालय से देश के युवाओं को सेवा चयन का नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना अत्यंत गौरव का विषय है उन्होंने कहा कि नवचयनित अभ्यर्थी ही सरकार का चेहरा हैं आपकी सेवा भावना और व्यवहार से जनता सरकार पर और अधिक विश्वास करेगी।

राज्य मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज पर्यावरण की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किए गए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल बताया उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा काशी में कराए गए विकासपरक कार्यों की भी जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी, आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा, निदेशक डाक सेवाएं, वाराणसी परिक्षेत्र, प्रीति अग्रवाल एवं गृह मंत्रालय के डिप्टी कमांडेंट नवनीत कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थों की तश्करी पर बागेश्वर पुलिस सख्त



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** बागेश्वर पुलिस को चरस और स्मैक तस्करी करने के मामले में कामयाबी मिली है। छापेमारी अभियान मेंपुलिस को दो तश्करो को पकड़ने में सफलता मिली है।दोनों मामलों में चरस तस्करी में एक व्यक्ति जबकि स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ने में बागेश्वर पुलिस और एसओजी टीम को सफलता मिली है। दीपावली पर्व के बाद एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा नशा तश्करी करने वालों पर सख्ती बरतने हेतु सभी थानों को अपने क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।जिसके बाद पुलिस और एसओजी टीम जांच में जुट गई।

एसपी घोड़के के नेतृत्व में और पुलिस उपाधीक्षक अजय वर्मा के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम के संयुक्त अभियान में बृहस्पतिवार को जांच के दौरान कपकोट मार्ग के पंद्रह पाली तिराहे में एसओजी टीम के साथ जांच के दौरान एक व्यक्ति को बागेश्वर आते समय शक होने पर उसकी गहनता से जांच की।

जांच के दौरान अभियुक्त खीम सिंह पुत्र मलक सिंह कर्मी गांव के सापुलि तोक निवासी, थाना कपकोट के कब्जे से एक किलो 40ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।

जबकि शुक्रवार सुबह एसओजी और कोतवाली पुलिस की टीम ने अलग अलग स्थानों में अवैध नशे के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें कोतवाली क्षेत्र में कोतवाल अनिल उपाध्याय और एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन के नेतृत्व में चले अभियान में कांडा रोड के छतीना के समीप 4.34 ग्राम अवैध स्मैक के साथ कांडा निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र दीपक वर्मा उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# ग्राम धमसिंगा स्थित गोपकुमार गौशाला में दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव 25 अक्टूबर से

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**कोसीकलां (मथुरा)।** धनिष्ठा सखी जू के ग्राम धमसिंगा स्थित श्रीगोपकुमार गौशाला में इक्कीस वां छः दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव 25 से 30 अक्टूबर 2025 पर्यन्त संत माता ब्रजदेवीजी व संत प्रेम धन लालनजी महाराज (संतश्री) के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारंभ 25 अक्टूबर को प्रातःकाल गौमाता के पूजन एवं भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।इसके साथ ही छः दिवसीय रासलीला भी प्रारंभ होगी।जिसके अंतर्गत राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रख्यात रासाचार्य स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा के निर्देशन में श्रीकृष्ण लीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया जाएगा।इसके अलावा प्रख्यात सन्त बिहारी दास भक्तमाली महाराज, भागवताचार्य डॉ. हरेकृष्ण शास्त्री (शरद जी) व कई प्रख्यात सन्तों, विद्वानों व धमार्चार्यों आदि के नित्य प्रवचन होंगे।

ग्राम प्रधान राजाराम शर्मा व रासाचार्य पण्डित राधाकांत शर्मा (छोटे स्वामीजी) ने बताया कि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में गौसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रमाकांत उपाध्याय उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर स्वामी कृष्ण दास महाराज, साध्वी हरिदासी, साध्वी कुंज दासी, मधु रुइया (मुम्बई), गोपाल प्रसाद अग्रवाल (बड़ा वाले), गोविन्द शर्मा, योगेश सौंखिया, सी.ए. विनोद ताजपुरिया (नागपुर), सी.ए कृष्ण वर्मा (मथुरा), आदित्य चौधरी (महाप्रबंधक - प्रसार भारती), प्रदीप अग्रवाल (दिल्ली), संजीव जाविया, कृष्णांशु शर्मा (इंदौर) आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक सम्पन्न :जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के खनन स्थलों की स्थिति, और वहां की गई कार्यवाहियों एवं आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

जिला खान अधिकारी नाजिया हसन ने जिलाधिकारी को जिले में खनन संबंधी संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि खनन स्थलों का समयबद्ध निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। उन्होंने ड्रोन सर्वे हेतु समिति गठन के निर्देश दिए ताकि निगरानी अधिक प्रभावी व साक्ष्य आधारित हो सके।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को खनन से होने वाले नुकसान की नियमित रिपोर्टिंग करने और पीएमजीएसवाई विभाग को सड़कों की क्षति संबंधी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में जल संस्थान विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़खे, एडीएम एन.एस. नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, एआरटीओ अमित कुमार, जिला खान अधिकारी नाजिया हसन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चामुंडा मंदिर में हुआ अन्न कूट भंडारा

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** चामुंडा मंदिर परिसर में गोवर्धन पर्व के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। चामुंडा सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व गोवर्धन पर्व के उपलक्ष्य में संकीर्तन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सैंकड़ों नर नारियों ने भक्ति गीतों का गायन किया। भाव विभोर होकर श्रृद्धालुओं ने देर शाम तक भक्ति रस में डूबकर पुन्य लाभ अर्जित किया।

# आर्य समाज गोविंदपुरी का 74 वां वार्षिकोत्सव प्रारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आर्य समाज गोविंदपुरी मोदीनगर का 74 वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। सुबह प्रथम सत्र यज्ञ भजन व प्रवचन के साथ प्रारंभ हुआ। दोपहर को द्वितीय सत्र में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ₹आर्य समाज के 150 वर्ष की यात्रा ₹ विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिय प्रतियोगिता का ₹महर्षि दयानंद चल विजयो उपहार₹ 1 वर्ष के लिए दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर को दिया गया।, प्रथम पुरस्कार पदमेश मेंदीरत्ता सेंट पेट्रिक्स एकेडमी मेरठ, द्वितीय पुरस्कार इति शर्मा दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर को दिया गया, तृतीय पुरस्कार कनिका दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मोदीनगर को दिया गया। सम्मेलन में आए सभी प्रतिभागियों अध्यापकों, अध्यापिकाओं, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह उपहार वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ अरुण त्यागी ने सभी प्रतिभागियों को परिश्रम ईमानदारी वह कर्तव्यनिष्ठ रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य नीरज कौशिक ने सभी प्रतिभागियों में देश के वीर सपूतों बलिदानीयों की गाथाओं से ओतप्रोत भाषण से देश भक्ति का संचार किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष निवाड़ी से पधारे कृष्ण शास्त्री जी ने वेदों के महत्व को बताते हुए कहां की संसार की समस्त विद्याएं वेदों के अंदर विद्यमान है। वेदों की ओर लौटने का आवाहन किया। वेदों का अध्ययन करना ही वेदों की और लौटना है।, कार्यक्रम का संयोजक डॉ दिनेश मलिक द्वारा किया गया। आर्य समाज के मंत्री विश्व बंधु द्वारा आए हुए सभी प्रतिभागियों अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय गर्ग, सुनील भाटिया अंकित चौधरी, सुनील भाटिया, उरगेन्द्र भारद्वाज, वीरेंद्र गुरुजी, विशाल पोखरेल महिला समाज की श्रीमती अनीता भाटिया, वरुण भाटिया, कालूराम आदि का विशेष योगदान रहा।

# पहल एक प्रयास संस्था के सशक्त स्तम्भ डॉ सतीश त्यागी का निधन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पहल एक प्रयास नामक एक अग्रणी सामाजिक संस्था के सशक्त स्तम्भ माने जाने वाले विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश त्यागी का शुक्रवार की तड़के निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। बताया जाता है कि मृत्यु का पूवार्भास हो जाने पर डॉ सतीश त्यागी ने अपने परिवारजनों को बुलाकर उन्हें सामाजिक दायित्व एवं चिकित्सकीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारियां देकर उनका मार्गदर्शन किया। यहां हापुड़ रोड स्थित मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार हुआ। शव यात्रा में नगर क्षेत्र के अनेक डाक्टर तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि काफी संख्या में शामिल हुए। विधायक डॉ मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व पालिकाध्यक्ष रामआसरे शर्मा, अशोक माहेश्वरी व सरोज शर्मा, डॉ दिनेश कंसल, डॉ राजेंद्र त्रिशाल, डॉ राजीव त्यागी, वरिष्ट नागरिक संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा, शिक्षाविद् विनोद कुमार माहेश्वरी, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, डॉ अरूण त्यागी, तुषार त्यागी सहित अनेक डाक्टरों ने डॉ सतीश त्यागी के असामायिक निधन को नगर में चिकित्सा क्षेत्र की एक अपूर्णीय क्षति बताया तथा शोकाकुल परिजनों- पहल एक प्रयास संस्था की चेयरमैन डॉ सरिता त्यागी (पत्नी), डॉ पुरू त्यागी (पुत्र) आदि के प्रति संवेदनाएं जतायी।

# गाज़ियाबाद की अंकुर विहार पुलिस ने इरशाद हत्या के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार, दीपावली पार्टी में गलती से चली गोली



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,** गाजियाबाद गाजियाबाद के थाना अंकुर विहार पुलिस ने दीपावली की रात हुए हत्या कांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों गोलू उर्फ तेजवीर और संदीप शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात दीपावली के मौके पर गोलू के पुराने खाली पड़े मकान में दोस्तों की पार्टी चल रही थी। पार्टी में मृतक इरशाद उर्फ नोनू (19), गोलू, संदीप और अन्य दोस्त मौजूद थे। पार्टी के दौरान संदीप अपनी अवैध पिस्टल लेकर आया था, जिसे देखने के दौरान गोलू ने पिस्टल चलाने की इच्छा जताई। संदीप ने मना किया तो दोनों में पिस्टल को लेकर खींचातानी हो गई। इस दौरान गोली चल गई जो पास खड़े इरशाद के पेट में जा लगी। गोली लगने के बाद घायल इरशाद अपने घर की ओर भागा, जहां से परिजन उसे जीटीबी अस्पताल, दिल्ली ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई आदिल की तहरीर पर थाना अंकुर विहार में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों को 24 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इरशाद के गोली गलती से लग गई उनका इरशाद को मारने का कोई इरादा नहीं था, क्योंकि वे सभी आपस में दोस्त हैं। एसीपी अंकुर विहार, ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

**गाजियाबाद।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए आयोजित होने वाली दैनिक जनसुनवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जिलाधिकारी द्वारा की जा रही खुली सुनवाई व्यवस्था पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य कई विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# त्यौहारी सीजन में हाईवे पर लगे जाम से जनसाधारण परेशान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** त्यौहारी सीजन के दौरान यहां हाईवे तथा अन्य संपर्क मार्गो पर आए दिन लगने वाले घंटों के जाम से जनजीवन काफी प्रभावित रहा। जाम में फंसे वाहनों को दस मिनट का सफर तय करने में घंटों लग गए। जाम से जहां हाईवे पर ध्वनि व वायु प्रदूषण बढ़ा, वहीं जाम में फंसे वाहन सवारों का कीमती समय तथा पेट्रोल-डीजल व ईंधन गैंग का भी नुकसान हुआ। प्रभावित लोग कभी स्वयं को तो कभी सिस्टम को कोस रहे थे।

स्थानीय पुलिस के हाथ-पांव उस समय फूल गए जब मोदीनगर कोतवाली व निवाड़ी थाने का निरीक्षण करने यहां आए पुलिसायुक्त जे. रविंद्र गौड का काफला जाम में फंस गया। 10-15 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस कमिश्नर के काफले को जाम से निकाला। जाम में फंसे पुलिस आयुक्त को भी मोदीनगर में यातायात पुलिस कर्मियों की कार्य व्यवस्था को परखने का मौका मिला। अनेक लोगों को प्रतिक्रिया स्वरूप कहते सुना गया कि मोदीनगर में जाम की आए दिन की विकट समस्या का समाधान संभवतः पुलिसायुक्त अवश्य ही कर शहरवासियों को राहत पहुंचाएंगे।

# नोएडा डीएम ने किया सूरजपुर वेटलैंड का स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतम बुद्ध नगर,** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने शुक्रवार को सूरजपुर वेटलैंड का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने विंटर सीजन में आने वाले प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया तथा वेटलैंड क्षेत्र में जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वेटलैंड के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, स्वच्छता व सौंदर्यकरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि सूरजपुर वेटलैंड को पारिस्थितिकी पर्यटन के एक मॉडल रूप में विकसित किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल एवं वन विभाग के संबंधित अधिकारियों ने प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व सौंदर्यकरण कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी दी तथा आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत की।

# जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हुआ




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज एवं जिला एथलेटिक एसोसिएशन गाजियाबाद द्वारा किड्स, जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एथलेटिक एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष अजय प्रमुख, सेक्रेटरी, लिखी राम चौधरी एवं विद्यालय के मैनेजर देवेंद्र कुमार त्यागी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# गाजियाबाद मसूरी पुलिस 3 चोरों को माल समेत किया गिरफ्तार, चौथा चोर फरार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद की थाना मसूरी पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकर्रम उर्फ मुकरी, इमरान, और मारूफ के रूप में हुई है जबकि एक आरोपी आरिफ अली फरार बताया जा रहा है।

दरअसल 22 अक्टूबर को मसूरी निवासी पीड़ित आरिफ ने शिकायत देते हुए बताया कि जब वो घर पर नहीं थे तब उनके घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने 23 अक्टूबर को डीएमई अंडरपास, कुशलिया मसूरी से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो चोरों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि हम लोगों ने आरिफ के खाली घर में घुसकर लोहे के जाल को काटकर आभूषण और नकदी चोरी की थी। चोरी के बाद माल को रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में छिपा दिया था। मसूरी एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि आरोपी इमरान पीड़ित आरिफ का पड़ोसी है इमरान को पहले से पता था कि आरिफ के घर में कोई नहीं है इमरान ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्लानिंग के आधार पर चोरी की घटना को अंजाम दिया आरोपी आरिफ फरार चल रहा है उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी नशे के आदि है नशा करने के लिए ही इन लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता, डीपीएसजी मेरठ रोड बना विजेता

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप वर्ल्ड विद्यालय (एन.एच.-9) के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय इंटर स्कूल सात-सदस्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 (17 वर्ष से कम आयु वर्ग) का दो दिवसीय आयोजन शुक्रवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता में जिले के लगभग 20 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लेकर अपने शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में न्यू एरा, इन ग्राम, डीपीएसजी मेरठ रोड, रयान इंटरनेशनल, सिल्वर शाइन, प्रेसिडियम राजनगर, सेंट थॉमस, जयपुरिया इंदिरापुरम, प्रताप विहार पब्लिक स्कूल, हाई-टेक, भागीरथ, प्लैटिनम वैली, समर्थ पब्लिक स्कूल सहित कई प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। मैदान पर खिलाडियों का जोश और टीम भावना देखने लायक थी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह अत्यंत भव्य रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं डॉ. ऋचा सूद, जो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्या हैं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी प्रवीण सर, श्री अशोक नागर (सचिव) और श्री नरेश चौधरी (निरीक्षक) ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, एकजुटता और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना को प्राथमिकता दें और देश का नाम रोशन करें। दो दिनों तक चले कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद डीपीएसजी मेरठ रोड की टीम विजेता बनी, जबकि सुंदरदीप वर्ल्ड विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रयान इंटरनेशनल और हाई-टेक विद्यालय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता खिलाडियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का समापन समारोह सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.) श्री पीयूष श्रीवास्तव, जो वर्तमान में सुंदरदीप वैश्विक विश्वविद्यालय के उप कुलपति (प्रशासन) हैं, की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाडि ?ं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सपना अहलावत ने सभी मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, विद्यालयों के कोचों और उपस्थित अभिभावकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# जीडीए की जोन 1 और 2 के क्षेत्र में गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर ग्राम-भिक्कनपुर, दुहाई, एवं शाहपुर निज मोरटा में 61 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर गरजा। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के क्रम मे प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में नरेन्द्र, रविन्द्र ग्राम-भिक्कनपुर मुरादनगर के खसरा सं0-407 व 408 पर लगभग 10000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, श्रीमती हेमलता पत्नी श्री नरेन्द्र गर्ग एवं योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा आदि, ग्राम-भिक्कनपुर दुहाई मुरादनगर के खसरा सं0-475 पर लगभग 18000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, श्री शिवांक शर्मा व जितेन्द्र दत्त शर्मा शाहपुर निज मोरटा गाजियाबाद के खसरा सं0-629, 630, 631 व 632 पर लगभग 26000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, श्री चेतन यादव द्वारा लगभग 7000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान अवैध निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

# हिंडन छठ घाट पर इस बार भी होगा आकर्षक लेजर शो

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्रद्धा और आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों में गाजियाबाद नगर निगम पूरी सक्रियता के साथ जुटा हुआ है। हर साल की तरह इस वर्ष भी हिंडन मुख्य छठ घाट पर भक्तों के लिए आकर्षक लेजर शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 3ष्ठ एनीमेशन और ध्वनि संयोजन के माध्यम से छठ पर्व की पौराणिक और सांस्कृतिक महत्वता को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को हिंडन छठ घाट का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय निगम की टीम में मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं और उनके साथ आने वाले आगंतुकों के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इस बार भी हिंडन छठ घाट पर आकर्षक लेजर शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लेजर बीम्स, 3ष्ठ एनिमेशन और साउंड इफेक्ट्स के जरिए छठ पर्व की कथा और महत्ता को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को एक भक्ति और भव्यता से परिपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। नगर निगम के प्रकाश विभाग द्वारा घाटों पर व्यापक तैयारी की गई है। हिंडन घाट सहित पांचों जोन के प्रमुख छठ स्थलों पर 700 से अधिक अस्थाई लाइटें लगाई गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, नदी किनारे की सभी बिजली व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि आज हिंडन छठ घाट पर गंगाजल पहुंचने की पूरी संभावना है। इसके लिए जलकल विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। घाटों पर स्नान की सुविधा के लिए 100 अस्थाई स्टैंड पोस्ट, 25 चेंजिंग रूम, और पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि कोई भी कठिनाई न हो। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार के निर्देशन में 750 से अधिक सफाई मित्रों की तीन पारियों में ड्यूटी लगाई गई है, जो 70 से अधिक घाटों पर सफाई व्यवस्था संभालेंगे। साथ ही, 20 मोबाइल टॉयलेट्स भी हिंडन घाट सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर अस्थाई रूप से लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा और निगरानी के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 27 कैमरे अस्थाई रूप से हिंडन छठ घाट पर लगाए जा रहे हैं। एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

# छठ पर्व: एसीपी ने किया वेव सिटी में छठ घाटों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने थाना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न छठ पूजा स्थलों का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसीपी प्रियाश्री पाल ने छठ घाटों पर बनाए जा रहे अस्थाई स्टेज, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, भीड़-प्रबंधन, पार्किंग और जलाशयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो तथा पूजा के समय भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस कर्मी लगातार गश्त करते रहें। एसीपी ने कहा कि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। थाना स्तर पर सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भ्रमणशील रहकर पूजा स्थलों पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि घाटों के आसपास यातायात सुचारू रहे और आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। छठ पर्व को लेकर वेव सिटी पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस बल को जगह-जगह तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सूर्य देव की आराधना कर सकें।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में 31 अक्टूबर तक चलेगा हस्ताक्षर अभियान, फिर होगा देशव्यापी आंदोलन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देशभर के सेवारत शिक्षकों में इन दिनों गहरा असंतोष व्याप्त है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए उस निर्णय के बाद, जिसमें कहा गया है कि सेवा में कार्यरत सभी प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करनी होगी, शिक्षकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस निर्णय को शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए गाजियाबाद के हजारों शिक्षक अब हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से इसका विरोध दर्ज करा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि इस फैसले से देशभर के शिक्षकों में असमंजस और असुरक्षा की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर तक गाजियाबाद जिले में व्यापक स्तर पर यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से सरकार से अधिनियम में संशोधन की मांग की जाएगी। अभियान के उपरांत शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल देश के सभी सांसदों और मंत्रियों को ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें स्पष्ट रूप से यह आग्रह किया जाएगा कि सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। डॉ. त्यागी ने कहा कि यदि इसके बावजूद केंद्र सरकार इस मुद्दे पर ठोस निर्णय नहीं लेती या अधिनियम में आवश्यक संशोधन नहीं करती, तो शिक्षक संघ राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए तैयार है।

# किसान दिवस सम्पन्न: 18 शिकायतों पर हुई चर्चा, डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** किसानों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु प्रत्येक माह आयोजित होने वाला किसान दिवस शुक्रवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने की। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान प्रतिनिधि और लगभग 80 कृषक उपस्थित रहे।

बैठक का प्रारंभ कृषि विभाग द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की समीक्षा से हुआ। उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद ने पिछली बैठक में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। कृषक अजीत चौधरी ने ग्राम भोजपुर स्थित चौधरी चरण सिंह यादगार स्थल पर लाइट न लगने की शिकायत प्रस्तुत की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र उक्त स्थल पर लाइट लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को असुविधा न हो। कृषक सदाकत अली उर्फ छोटे चौधरी ने ग्राम पंचायत रसूलपुर सिकरौड़ा की सड़क पर बने गड्ढों के संबंध में शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, खंड-2 गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि वे तत्काल स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराएं। इसके अतिरिक्त जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए गए कि गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिल द्वारा तैयार समय-सारणी के अनुसार तत्काल कराया जाए, ताकि किसानों को भुगतान में कोई विलंब न हो। बैठक में कुल 18 शिकायतें किसानों द्वारा दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही या देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम माँदड़ ने अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस केवल औपचारिकता न रह जाए, बल्कि इसका उद्देश्य किसानों की वास्तविक समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।

# आरडब्ल्यू पदाधिकारियों का हाउस टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में हाउस टैक्स की बढ़ोतरी के विरोध में आरडब्ल्यू (रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने नगर निगम पर आरोप लगाया कि जनता पर बिना पूर्व सूचना और नोटिस के बढ़ा हुआ टैक्स लागू किया गया है, जबकि मेयर, विधायक और सांसदों के प्रस्ताव के बाद इसे निरस्त कर दिया गया था। आरडब्ल्यू पदाधिकारियों का कहना है कि यदि हाउस टैक्स की बढ़ोतरी की दर जल्द वापस नहीं की गई, तो पूरे महानगर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पदाधिकारी बताते हैं कि नगर निगम की यह कार्रवाई आम लोगों पर दोहरी मार के समान है, जिसका आरडब्ल्यू पूरी जोरशोर से विरोध कर रही है। कर्नल टीपी त्यागी ने बताया कि नगर निगम नियम के तहत हर दो साल में केवल 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने की अनुमति रखता है, और इसके लिए नोटिस जारी करना अनिवार्य है। लेकिन नगर निगम ने बिना नोटिस दिए ही हाउस टैक्स बढ़ा दिया, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। वहीं, शहर के पार्षदों, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने भी नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाने के निर्णय के खिलाफ मंच पर आकर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, अब तक नगर निगम और मेयर के स्तर पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस विवाद को लेकर नगर निगम के तीन पार्षद कोर्ट भी गए हैं, जिनका निर्णय आगामी 30 अक्टूबर को आना है। आरडब्ल्यू नेताओं ने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद नई रणनीति बनाकर आंदोलन को और सशक्त किया जाएगा।

# बैंक जा रही बुजुर्ग महिला से धड़ाधड़ हुई ठगी, दो युवकों ने झांसे में लेकर जेवरात छीन लिए

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े ठगी की घटना हुई। पीड़िता बैंक कार्य से लौट रही थीं, तभी दो अज्ञात युवक उन्हें बातचीत में उलझाकर सोने के जेवर उतरवा कर फरार हो गए। पीड़िता को इस घिनौनी हरकत का अहसास तब हुआ जब वह घर पहुँचकर अपने परिजनों को घटना बताई। पीड़िता के बेटे जितेंद्र कुमार ने बताया कि 21 अक्टूबर को उनकी मां मूर्ति देवी गाँव के टीला स्थित पंजाब नेशनल बैंक गई थीं। वहां दो युवक उनके पास आए और बातचीत में उलझाकर उन्हें रिक्शे में बैठा लिया। जब वे घर की ओर आ रहे थे, तब युवकों ने कंगन और अंगूठी उतरवा लिए और मौके से भाग गए। जितेंद्र कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद परिवार में गहरा आक्रोश और भय व्याप्त है। उन्होंने तुरंत थाना टीला मोड़ में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने पुष्टि की कि मामले में फिरौती की नहीं बल्कि ठगी की घटना के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रोफेशनल मीट की तैयारी बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत को स्थानीय स्तर पर सशक्त रूप देने के उद्देश्य से भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित प्रोफेशनल मीट और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने की। इस दौरान अभियान संयोजक सुशील गौतम, सह संयोजक एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सह संयोजक प्रहलाद दुआ, सह संयोजक नीरू शर्मा, तथा प्रोफेशनल मीट संयोजक संजय कश्यप सहित सभी प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उस संकल्प को साकार करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से भारत के हर नागरिक में 'लोकल से वोकल की भावना जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रोफेशनल्स, उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, शिक्षाविद् और युवा उद्यमियों को जोड़कर एक ऐसा साझा मंच तैयार करना है, जिससे प्रत्येक वर्ग आत्मनिर्भरता की दिशा में योगदान दे सके। संगठन स्तर पर इस अभियान को योजनाबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग तक इसका संदेश पहुँच सके। एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं प्रोफेशनल मीट प्रभारी संजय कश्यप ने बताया कि इस अभियान के तहत 1 नवंबर से 15 नवंबर तक मंडल और बूथ स्तर पर बड़े सम्मेलन और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न पेशेवर वर्गों डॉक्टरों, शिक्षकों, इंजीनियरों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप संचालकों और सामाजिक संगठनों को जोड़कर एक साझा मंच तैयार किया जाएगा, जिससे स्थानीय प्रतिभा, संसाधन और विचारों को प्रोत्साहन मिल सके। बैठक के दौरान सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और अभियान के सफल संचालन हेतु कार्य विभाजन और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया।

# ग्राम जलालाबाद में गोवंशों की निर्मम हत्या से जनमानस में उबाल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में हुई गोवंशों की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। इस वीभत्स घटना से ग्रामवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के संदर्भ में परमाराध्य परमधमार्धीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में संचालित गो प्रतिष्ठा आंदोलन की टीम ने घटना स्थल पर पहुँचकर परिस्थितियों का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि गो हत्यारों ने बर्बरता की सारी सीमाएँ पार कर दीं। कई गोवंशों की निर्मम हत्या की गई, जिनमें कुछ गर्भवती गौ माताएँ भी शामिल थीं। बताया गया कि उनके पेट को चीरकर अजन्मे बच्चों को उसी स्थान पर फेंक दिया गया जहाँ यह अमानवीय घटना हुई। यह घटना गन्ने के घने खेतों के बीच अंजाम दी गई, जिससे पूरा इलाका भय और पीड़ा से भर उठा है। ग्राम जलालाबाद और आसपास के गांवों के लोगों में गहरा आक्रोश और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गो प्रतिष्ठा आंदोलन की टीम ने थाना मुरादनगर पहुँचकर पुलिस अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस जांच में सक्रिय रूप से जुटी हुई है और दीपावली पर्व के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गो प्रतिष्ठा आंदोलन के उत्तर भारत प्रभारी महेश आहूजा, गो सांसद अरविंद भारद्वाज, गो विधायक पराग गुप्ता, गो विधायक नरेश ढींगरा, गो विधायक कृष्ण सिंह राघव, महानगर अध्यक्ष आर.सी. शर्मा, जिला अध्यक्ष महेश यादव, बिहार प्रदेश प्रभारी राधे श्याम पांडेय, तथा गो सेवक सुखविंदर सहित अन्य प्रमुख सदस्य मौके पर उपस्थित रहे।



# डीसीपी सिटी ने थाना वेव सिटी का किया औचक निरीक्षण, थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस और अभिलेखों की जांच

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से नगर जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) धवल जायसवाल ने शुक्रवार को थाना वेव सिटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना परिसर में मौजूद विभिन्न इकाइयों और अभिलेखों की गहन जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, मिशन शक्ति केंद्र, अभिलेखागार, शिकायत पंजी और रोजनामचा आदि का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रिकॉर्ड्स को अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने पर बल दिया। डीसीपी जायसवाल ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और जनता से जुड़ी सेवाओं में सुधार लाना है।

उन्होंने थाना स्तर पर जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष रूप से किया जाए ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना बनी रहे। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र का भी अवलोकन किया और वहां पर मौजूद महिला पुलिस कर्मियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना परिसर की स्वच्छता, तकनीकी संसाधनों और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि थाने का वातावरण जनता के लिए भरोसेमंद और सहयोगी होना चाहिए।

अंत में, उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता, शालीनता और दक्षता के साथ जनता की सेवा करने का संदेश दिया।